


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 210

ग्वालियर, रविवार, 19 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

# जनजातीय समाज को बांटने, उनके वोट हथियाने का प्रयास ही करती रही है कांग्रेस: अमित शाह

■ कांग्रेस की सरकारों ने आजादी में जनजातीय नायकों के योगदान को भुला दियाः शिवराजसिंह

■ केंद्रीय गृहमंत्री, मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने दी जनजातीय योद्धाओं को श्रद्धांजलि



**जबलपुर(आरएनएस)**। कांग्रेस ने हमेशा जनजातीय कल्याण की बात की, उनके वोट लेने का प्रयास किया, लेकिन उनका भला कभी नहीं किया। अनेक तरीकों से जनजातीय वोटों के बंटवारे का प्रयास किया। यहां तक कि आजादी की लड़ाई में जनजातीय योद्धाओं के योगदान को भी भुला दिया। भारतीय जनता पार्टी को जब-जब जनादेश मिला है, पार्टी ने जनजातीय समाज के कल्याण लिए हमेशा प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारें वंचितों, जनजातियों के कल्याण के लिए समर्पित हैं। जो लोग अलग-अलग नाम, काम और बात से जनजातीय समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें सफल मत होने दीजिए। यह बात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस पर आयोजित जनजातीय योद्धाओं के पुण्य स्मरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर श्री शाह एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनजातीय नायकों पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया एवं शहीद शंकरशाह, रघुनाथशाह के स्मारक का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद राकेशसिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, राज्य मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

**युवा पीढ़ी को भारतीय गौरव से जोड़ने का काम करेगा आजादी का अमृत महोत्सव- शाहः** योद्धाओं के पुण्य स्मरण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शहीद शंकरशाह और रघुनाथ शाह जैसे बलिदानियों ने इस कामना के साथ अपना जीवन न्यौछावर कर दिया कि अगला जन्म भी इसी भूमि पर मिले और माँ भारती के लिए फिर से बलिदान होने का मौका मिले। देश के गांवों और अंचलों में ऐसे अनेक शहीद क्रांतिकारी हैं, जिनको इतिहास में स्थान नहीं मिला, उचित सम्मान नहीं मिला। लेकिन इतिहासकारों ने आजादी के आंदोलन में अनुसूचित जनजाति के वीर शहीदों को भुलाने का काम किया। 1857 से 1947 तक जितने बलिदान जनजातीय वीरों ने दिये उतने शायद ही किसी ने दिये होंगे, लेकिन उसको भुला दिया गया। हमारे प्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मनायेंगे और ऐसे गुमनाम शहीदों को और उनकी स्मृति को पुनर्जीवित करने का काम करेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव शहीदों की स्मृति को पुनर्जीवित कर नई पीढ़ी में रोपित करने का काम करेगा। यह महोत्सव नई पीढ़ी में देशभक्ति का ज्वार जगाने का, भारतीय गौरव से जोड़ने का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्णय लिया कि देश भर में जनजातीय संग्रहालय बनायें जायेंगे।

## यूपी में पिछले पांच सालों में बेरोजगारी दर 17 से घटकर 5 प्रतिशत बची : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दावा किया है कि वर्ष 2016 में प्रदेश में 17 प्रतिशत से अधिक बेरोजगारी दर थी, जो अब घटकर पांच प्रतिशत रह गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूलकिट एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण वितरित करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से पूरी दुनिया वैश्विक महामारी कोविड-19 से जूझ रही है, ऐसी परिस्थिति में देश में लॉकडाउन लगाना पड़ा था और लॉकडाउन के दौरान 40 लाख से अधिक प्रवासी कामगार तथा श्रमिक प्रदेश में वापस आ गए थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान परम्परागत कारीगरों, हस्तशिल्पियों तथा उद्यमियों ने ऐसा तंत्र विकसित किया, जिससे उनके स्वावलम्बन के साथ ही प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने की संकल्पना को गति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आबादी 24 करोड़ है, बेरोजगारी दर प्रदेश में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है और वर्ष 2016 में प्रदेश में 17 प्रतिशत से अधिक बेरोजगारी दर थी, वहीं आज यह घटकर मात्र चार से पांच प्रतिशत रह गयी है। शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार प्रदेश में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से 21,000 लाभार्थियों को टूलकिट तथा 11,000 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया गया। मुख?यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दीपोत्सव के अवसर पर अयोध्या में साढ़े सात लाख दिये जलाए जाने का लक्ष्य है।

## खास खबर

### पंजाब में सियासी घमासान के बीच पति राबर्ट और बच्चों के साथ शिमला पहुंची प्रियंका



**शिमला।** पंजाब कांग्रेस में मचे सियासी घमासाम के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शिमला पहुंची हैं। बताया जाता है कि प्रियंका अपने पूरे परिवार के साथ यहां आई हैं। शिमला पहुंचने के बाद प्रियंका सीधे अपने घर छराबड़ा पहुंची। स्थानीय पुलिस ने उनके शिमला आने की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सुबह करीब 11 बजकर 10 मिनट पर छराबड़ा अपने घर पहुंची हैं। चंडीगढ़ से वह गाड़ी के जरिए यहां आई हैं। उनके साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और बच्चे भी है। बताया जा रहा है कि प्रियंका 3 दिन तक शिमला में अपने घर में रुकेंगी और 20 सितंबर को वापस लौट जाएंगी। इस दौरान सोनिया गांधी भी शिमला आ सकती हैं। जानकारी के अनुसार, इससे पहले जून 2021 को प्रियंका शिमला आईं थीं और 3-4 दिन यहां रुकी थीं। सुरक्षा को लेकर पुलिस के जवान प्रियंका के घर के आसपास तैनात किए गए हैं। मार्च 2021 में प्रियंका गर्मियों में यहां के सुहावने मौसम का लुत्फ लेने आई थीं। प्रियंका गांधी का घर शिमला से 13 किलोमीटर दूर और समुद्र तल से 8 हजार फीट की ऊंचाई पर है। घर को पहाड़ी शैली में बनाया गया है। इंटीरियर में देवदार की लकड़ी से सजावट की गई है। मकान के चारों तरफ हरियाली और पाइन के खूबसूरत पेड़ हैं। सामने हिमालय के बर्फ से ढके पहाड़ नजर आते हैं।

### राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने सोनोवाल और मुरुगन को प्रत्याशी बनाया

**नई दिल्ली।** संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को केंद्रीय मंत्रियों सर्बानंद सोनोवाल और एल मुरुगन को राज्यसभा उपचुनावों के लिए क्रमशः असम तथा मध्य प्रदेश से अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के एक वक्तव्य में यह जानकारी दी गई। दोनों नेताओं को हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। उन्हें छह महीने के अंदर संसद सदस्य बनना होगा। सोनोवाल और मुरुगन का राज्यसभा में आना लगभग तय है क्योंकि भाजपा को दोनों राज्यों की विधानसभा में बहुमत प्राप्त है। असम में बिस्वजीत दैमारी के इस्तीफा देने से राज्यसभा की एक सीट खाली हो गई थी। दैमारी विधानसभा अध्यक्ष बने हैं। मध्य प्रदेश में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत के इस्तीफे के बाद उच्च सदन की एक सीट खाली हो गई जिन्हें कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को 10-10 साल जेल, 30-30 हजार का जुर्माना

**बांदा।** यूपी के बांदा की जिला कोर्ट ने 14 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दोषी पाए जाने पर दो युवकों को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई और उन पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। विशेष लोक अभियोजक देवदत्त मिश्रा ने शनिवार को बताया कि अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (त्वरित प्रथम) के विशेष न्यायाधीश ने 14 साल की लड़की को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने और उसके साथ बलात्कार किए जाने के दोषी पाए गए बलराम और छत्रपाल सिंह को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई और उन पर 30-30 हजार रुपए जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि यह घटना सात अगस्त 2012 की है। दोनों दोषी नाबालिग को सूरत शहर ले गए थे और उसके साथ कई बार बलात्कार किया था। पुलिस लड़की को आठ माह बाद बरामद कर पाई और चिकित्सा जांच में उसके गर्भवती होने का पता चला था। मिश्रा ने बताया कि अदालत ने दोषियों से वसूली जाने वाली जुर्माने की राशि से 50 हजार रुपए पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया।

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के विस्तार का आह्वान किया

**जयपुर।** राष्ट्रवादी सोच रखने वाले संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के मुखिया मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों से संघ के शताब्दी वर्ष से पहले संगठन के विस्तार का आह्वान किया। वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन किया गया था। एक बयान में कहा गया है कि उदयपुर में चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के आरएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भागवत ने उनके क्षेत्र में कोरोना वायरस की स्थिति और संघ द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली।

## आशा है बाकी के दिनों में भी रोजाना लगाई जाएगी 2.1 करोड़ वैक्सीनः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश में ढाई करोड़ से अधिक टीके लगाए जाने को लेकर शनिवार को कहा कि कोरोना रोधी टीकाकरण की इसी गति की जरूरत है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी रोजाना टीकों की दो करोड़ से अधिक खुराक लगाई जाएंगी। उन्होंने ट्वीट किया, आशा करता हूं कि और दिनों में भी रोजाना टीकों की 2.1 करोड़ खुराक दी जाएगी। हमारे देश को इसी गति की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर टीकाकरण अभियान को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए कोविड-19 टीके की 2.50 करोड़ से अधिक खुराक लगाकर रिकॉर्ड तोड़ दिया है। को-विन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक दी गई कुल खुराक शुक्रवार मध्यरात्रि 12 बजे 79.33 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई।



## भाजपा छोड़ टीएमसी में शामिल हुए बाबुल सुप्रियो, अभिषेक बनर्जी ने दिलाई पार्टी की सदस्यता




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल से सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री रहे बाबुल सुप्रियो ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। टीएमसी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी दी गई है। बाबुल सुप्रियो के टीएमसी में जाने की चर्चा उस समय से ही जारी है, जबसे उन्होंने सोशल मीडिया में डाली अपनी पोस्ट से भाजपा के साथ निष्ठा से जुड़े रहने वाले भाग को हटा दिया था। तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद बाबुल सुप्रियो आज राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन की मौजूदगी तृणमूल परिवार में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता बाबुल सुप्रियो ने कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया में एक काफी बड़ा और भावुक पोस्ट लिखकर राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी कहा था कि वह एक पार्टी के साथ थे और रहेंगे लेकिन कुछ दिन पहले इस बात की चर्चा छिड़ गई थी कि अब उन्होंने अपना फैसला बदल लिया है और वह बहुत जल्द किसी और पार्टी में शामिल हो सकते हैं। इसके संकेत तब मिले थे जब संन्यास के ऐलान के एक घंटे बाद ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट को एडिट कर दिया था और उससे भाजपा के साथ निष्ठा से जुड़े रहने वाले भाग को हटा दिया। राजनीति से संन्यास के बाद उन्होंने सांसद पद से भी इस्तीफा दे दिया था। अपने फेसबुक पोस्ट में उन्होंने लिखा था किसी दूसरी पार्टी में नहीं जा रहा।

## उमाभारती ने दी अपनी ही सरकार के खिलाफ शराब को लेकर खुली चुनौती

**भोपाल(आरएनएस)।** मध्यप्रदेश में चाहे भाजपा की चाहे कांग्रेस की दोनों ही सरकारों के मुखिया शराब से अधिक से अधिक कमाई कर सरकारी खज़ाना भरने के लिए शराब कारोबारियों को लाभ पंहचचाने के लिए उनके मनमाफिक नीतियां बनाने में लग रहती थी. मगर बात करें यदि शिवराज सिंह चौहान की सरकार की शराब नीति की तो इस सरकार की नीतियों के कारण शराब ने घर पंहुच सेवा बन गई.जिसकी बजह से प्रदेश में भले ही लोगों को अपने बच्चों को पिलाने के लिए रात दस बजे दूध भले ही नहीं मिले, मगर सुरा प्रेमियों को शराब चौबीस घंटे उपलब्ध हो जाती है? इस बढ़ते शराब के कारोबार पर बंदिश लगाने पर उतारू मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमाभारती ने अपनी ही पार्टी की सरकार को शरब बंदी की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को खुले तौर पर चेतावनी दी और घोषणा कि आगामी तक 15 जनवरी तक का समय दे रही हूं अगर जब तक जागरूकता से शराब बंदी हो गई तो ठीक है वरना वह शराब बंदी के खिलाफ सड़क पर उतर जाऊंगी, उमा श्री की इस तरह की घोषणा के बाद, राजनीति पण्डितों में तरह तरह की चर्चाओं का दौर जारी है. यही नहीं जो लोग उमाभारती को जानते हैं वह उमाभारती द्वारा दी चेतावनी के अनुसार 15 जनवरी तक प्रतिक्षा करने की बात तो कर ही रहे हैं।





# आखिर क्या हैं अनंत चौदहस- अनंत और यह किसका रूप हैं और इसे क्यो बाजू पर बांधा जाता हैं, गणेश जी का विसर्जन भी इसी दिन क्यों

शिवपुरी।

आज रविवार को अंनत चौदहस हैं। साथ ही हम सभी यहाँ भी जानते हैं कि इस दिन भगवान गणेश जी का जल में विसर्जन किया जाता है। एक धागा जिसमें कुछ गाठे लगी होती हैं हमारे घर के बुर्जग हमारे हमारी बाजू पर बांधते हैं। लेकिन इस धागे को अंनत क्यो कहा जाता हैं और अनंत चौदहस के दिन ही गणेशजी का विसर्जन क्यो होता हैं। आईए जानते हैं इन सभी सवालो के जबाब पाने की कोशिश करते हैं। क्यो की सनातन हिन्दू धर्म में अंनत चौदहस का दिन बडा ही महत्वपूर्ण है। जैसा कि आपने और हमने सुना हैं,हरि अनंत और कथा अंनता अर्थ सीधा सा है कि हरि अनंत हैं श्रीहरि अर्थात श्रीविष्णु भगवान उन्है इस सृष्टि का पालनहार कहा जाता हैं। अनंत चौहहस का दिन भगवान विष्णु का दिन हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा होती हैं।

**अंनत जो हाथ पर बांधा जाता हैं वह क्या हैं,और इस धागे में चौदह गाँठें क्यो**

भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी कहा जाता है। इस दिन अनंत भगवान (भगवान विष्णु) की पूजा के पश्चात बाजू पर अनंत सूत्र बांधा जाता है। ये कपास या रेशम का धागा होता हैं और इनमें चौदह गाँठें होती हैं। यह चौहह गाँठें भगवान श्रीहरि के चौरह अवतारो का प्रतीक हैं और अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, और भगवान श्रीहरि ने अपने दो पग में आकाश धरती और पताल का नाप दिया था,जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। पुरुष अनंत सूत्र को दांये हाथ में और महिलाएं बांये हाथ में बांधे।




अनंत संसार महासुमद्रे मग्रं समभ्युद्धर वासुदेव।

अनंतरूपे विनियोजयस्व ह्यनंतसूत्राय नमो नमस्ते।।

**यह हैं अनंत चौदहस का व्रत और पूजा विधि और कथा जो भगवान श्रीकृष्ण ने बताई थी**

अग्नि पुराण में अनंत चतुर्दशी व्रत के महत्व का वर्णन मिलता है। इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा करने का विधान है। यह पूजा दोपहर के समय की जाती है। इस दिन प्रातःकाल स्नान के बाद व्रत का संकल्प लें और पूजा स्थल पर कलश स्थापना करें। कलश पर अष्टदल कमल की तरह बने बर्तन में कुश से निर्मित अनंत की स्थापना करें या आप चाहें तो भगवान विष्णु की तस्वीर भी लगा सकते हैं। इसके बाद एक धागे को कुमकुम, केसर और हल्दी से रंगकर अनंत सूत्र तैयार करें, इसमें चौदह गांठें लगी होनी चाहिए। इसे भगवान विष्णु की तस्वीर के सामने रखें। अब भगवान विष्णु और अनंत सूत्र की षोडशोपचार विधि से पूजा शुरू करें और नीचे दिए गए मंत्र का जाप करें। पूजन के बाद अनंत सूत्र को बाजू में बांध लें।

**अनंत चतुर्दशी की कथा**

महाभारत की कथा के अनुसार कौरवों ने छ्ल से जुए में पांडवों को हरा दिया था। इसके बाद पांडवों को अपना राजपाट त्याग कर वनवास जाना पड़ा। इस दौरान पांडवों ने बहुत कष्ट उठाए। एक दिन भगवान श्री कृष्ण पांडवों से मिलने वन पधारे। भगवान श्री कृष्ण को देखकर युधिष्ठिर ने कहा कि, हे मधुसूदन हमें इस पीड़ा से निकलने का और दोबारा राजपाट प्राप्त करने का उपाय बताएं। युधिष्ठिर की बात सुनकर भगवान ने कहा आप सभी भाई पत्नी समेत भाद्र शुक्ल चतुर्दशी का व्रत रखें और अनंत भगवान की पूजा करें। इस पर युधिष्ठिर ने पूछा कि, अनंत भगवान कौन हैं? इनके बारे में हमें बताएं। इसके उत्तर में श्री कृष्ण ने कहा कि यह भगवान विष्णु के ही रूप हैं। चतुर्मास में भगवान विष्णु शेषनाग की शैय्या पर अनंत शयन में रहते हैं। अनंत भगवान ने ही वामन अवतार में दो पग में ही तीनों लोकों को नाप लिया था। इनके ना तो आदि का पता है न अंत का इसलिए भी यह अनंत कहलाते हैं अतः इनके पूजन से आपके सभी कष्ट समाप्त हो जाएंगे। इसके बाद युधिष्ठिर ने परिवार सहित यह व्रत किया और पुनः उन्हें हस्तिनापुर का राज-पाट मिला।

**श्रीगणेश की विदाई का दिन अनंत चौहरस हि क्यो**

अंनत चौदहस को भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा की जाती है। अनंत जिसका कोई अंत नही होता हैं। हम गणेशजी का विसर्जन इस श्रृद्धा के साथ करते हैं कि हे गणेश जी हमारे सभी कार्य पूर्ण करना ओर आप अगले वर्ष आना,अर्थात माना जाता है कि श्रीगणेश जो देवताओ में प्रथम पूज्य माने गए हैं और प्रथम पूज्य देवता के प्रति यह 10 दिन की श्रृद्धा हमारे आने वाले अनंत दिनो तक रहे,और अगले वर्ष श्रीगणेश हमारे घर पधारे और यह क्रम अनंत काल तक चलता रहे। अनंत का एक और अर्थ होता हैं जिसका अंत नही हैं और प्रथम देव श्रीगणेश के प्रति हमारी श्रृद्धा कभी कम न हो,इस कारण ही अनंत चौदहस के दिन श्रीविध्नहर्ता को जल में विर्सजन किया जाता हैं।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 का शुभारंभः हितग्राहियों को किया लाभ वितरण

शिवपुरी। पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया। शिवपुरी जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में हितग्राहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किये गये।उल्लेखनीय है कि उज्ज्वला योजना के प्रथम चरण में 2 लाख 44 हजार 167 हितग्राहियों को कनेक्शन दिए गये। अभी इसका द्वितीय चरण शुरू किया गया है। उज्ज्वला योजना के द्वितीय चरण में जिले में 30 हजार का लक्ष्य है। जिसमे अभी तक 12 हजार 160 परिवारों को कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। यहां स्थानीय मानस भवन में हितग्राहियों ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम देखा। कार्यक्रम में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से हितग्राहियों को कनेक्शन वितरित किए गये। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों में दीप्ति अग्रवाल, हसमुखी आदिवासी, कौसर बानो, लाली जाटव, सपना पाल, रागिनी नामदेव, हिना खांन, आशा जैन, सुनीता कुशवाह, उर्मिला परिहार, सुनीता आदिवासी, अन्नु खांन, अनीता पुरोहित, पुष्पा जाटव, सुनीता यादव, फूलवती जाटव, रंजीता झा, रानी शर्मा, रीता बाई बेडिया, भूरी आदिवासी शामिल है।



**इन हितग्राहियों को वितरित किए सहायक उपकरण**

मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए लाभान्वित हितग्राहियों में चौथू जाटव को ट्राईसाइकिल, भागीरथ, महेश कुमार, श्रीमती रामवती, राजू धाक? को ट्राईसाईकिल, शक्ति सिंह को श्रवण यंत्र, गोविंद जाटव को मोटराइज ट्राईसाइकिल, बवलू जाटव को मोटराइज ट्राईसाइकिल, धर्मेन्द्र जाटव को ट्राई साइकिल, जशरथ आदिवासी,रामकेश आदिवासी, प्रदीप तिवारी एवं शियाराम ब?ई को मोटराइज ट्राईसाइकिल वितरित की गई।

फोटो-0114

## पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगरपालिका अधिकारियों के साथ की बैठक,मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने दिए निर्देश

**थीम रोड निर्माण कार्य पर हुई चर्चा**

**शिवपुरी।** मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया शनिवार को शिवपुरी भ्रमण परआयीं। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने थीम रोड निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट बहुत समय से लंबित है अभी इसका काम जल्दी पूरा किया जाए। पीडब्ल्यूडी पीएचई और नगर पालिका तीनों विभागों में आपसी समन्वय होना चाहिए। अधिकारी एक साथ बैठक करें और जहां कहीं समस्या है उन पर चर्चा कर कलेक्टर को अवगत कराएं। बैठक में निर्देश देते हुए ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के कुछ क्षेत्रों में सड़क पर गड्ढे भरने का काम किया जाना है जिसमें गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही थीम रोड में सीवर लाइन से संबंधित जो भी समस्या है उसके लिए पीएचई काम शुरू करे। फंड के अभाव में विधायक निधि से राशि स्वीकृत की जाएगी। मंत्री सिंधिया ने तत्काल विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने के लिए कहा है। थीम रोड के सौंदर्यीकरण के संबंध में चर्चा करते हुए मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और थीम रोड जो फार्म सौंदर्यीकरण का कार्य देख रही है उसके साथ बैठकर अधिकारी कार्ययोजना बनाएं। मेडिकल कॉलेज का आर्किटेक्चर के अनुसार परंपरागत थीम को ध्यान में रखा जाए और इस काम को जल्द शुरू करें। बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सीईओ एचपी वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## चौरासी क्षेत्रीय समाज की महिमा मंडल एवम् नवयुवक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की समाज जब एकजुट होकर अपनी बात रखेगा, उस कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी**

**प्री वेडिंग जैसे कार्यों को संस्कृति के विरुद्ध बताते हुए इसे न करने की सलाह दी।**

करैरा।

चौरासी क्षेत्रीय समाज की महिला और नवयुवक मंडल पदाधिकारियों ने समाज की सेवा और समर्पण की शपथ नगर के एक निजी मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम मेंली। राष्ट्रीय महासभा अध्यक्ष केके कठिल द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष शिवशंकर सेठ द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि सुरेश बन्धु, भारती खर्द, भावना रूसिया, भोगीलाल विलैया, रमन सेठ, हरिशंकर कुदरया, केके छिरोल्या, मनोज चौधरी रहे। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा की समाज जब एकजुट होकर अपनी बात रखेगा, उस कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने प्री वेडिंग जैसे कार्यों को संस्कृति के विरुद्ध बताते हुए इसे न करने की सलाह दी। रमन सेठ ने सामाजिक गतिविधियों को हाईटेक बनाकर हेल्प लाइन बनाने की मांग की। शिवशंकर सेठ ने कहा गहोई समाज की परंपरा आपसी समन्वय और प्रेम की रही है। हम आपस में लड़ेंगे तो असफल हो जाएंगे। भेदभाव मिटाकर बढ़ना है आगे हमें आपसी भेदभाव मिटाकर समाज को आगे ले जाने का प्रयास करना चाहिए। चौरासी क्षेत्रीय सभा द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। महिला मंडल में अध्यक्ष ज्योति डेगरे, कार्यकारी अध्यक्ष रजनी गेडा, मंत्री तरुण नीखरा, कोषाध्यक्ष रश्मि सोनी सहित तीन दर्जन महिलाओं ने शपथ लेकर समाज सेवा करने का संकल्प लिया। शपथ के बाद अध्यक्ष ज्योति डेंगरे, मंत्री तरुण नीखरा को मंचासीन कराया गया। नवयुवक मंडल की शपथ प्रभारी हरिशंकर कुदरया द्वारा दिलाई गई। चौरासी क्षेत्र सहित सभी जगह से समाज बंधु शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए।




## रेट लिस्ट को लेकर 2 होटलो में विवाद-पुलिसकर्मी खाना खाते रहे उधर मारपीट होती रही, एसपी को दिया आवेदन

**शिवपुरी।** शहर के देहात थाना सीमा अंतर्गत आने वाले नाकाबावडी के पास स्थित 2 होटलो में खाने की रेट लिस्ट को लेकर विवाद हो गया। विवाद के कारण आपस में रेटो को लेकर हैं। परिहार होटल ने कृष्णा होटल की रेटो से कम रेटो की लिस्ट बहार लगा दी,इस कारण कृष्णा होटल के मालिक और स्टॉफ ने परिहार होटल के मालिक और स्टॉफ पर हमला कर मारपीट कर दी। इस पूरे मामले में सबसे अहम बात यह रही हैं कि झगडे के समय देहात थाने के 3 पुलिसकर्मी कृष्णा होटल पर बने खाना खा रहे थे,उन्होने इस झगडे में कोई बीच बचाव नही तक नही किया। इधर थाने में भी पुलिस ने एसटीएससी की धाराए न लगाते हुए मामूली केस बनाकर मामले से इति श्री कर ली।जानकारी के मुताबिक नाकाबावड़ी के पास दो होटल कृष्णा व परिहार होटल है। दोनो के बीच खाने की रेट को लेकर आए दिन नोकझोंक होती रहती है। गुरुवार की रात परिहार होटल की मालिक उर्मिला परिहार ने होटल के बाहर खाने की थाली की रेट लिस्ट लगा दी और यह रेट कृष्ण होटल की रेट से कम थी। इसी बात पर कृष्णा होटल का मालिक संजीव भटेले, बैजनाथ उपाध्याय, मोंटी शर्मा व राकेश रावत ने अपने कुछ साथियो के साथ उर्मिला परिहार सहित उसके होटल पर काम करने वाले मुबारिक खान पर लाठियों से हमला बोल दिया। घटना में मुबारिक का सिर फट गया। बीच बचाव करने आई महिलाओं में उर्मिला व सीमा परिहार के साथ भी मारपीट की गई। खास बात यह रही कि पूरी घटना में देहात थाने के एएसआई बजरंग सिंह जादौन सहित तीन पुलिसकर्मी ड्रेस में मौजूद थे जो कि कृष्णा होटल पर साथ खाना खा रहे थे।पुलिसकर्मियों ने विवाद को शांत करने की कोई पहल नहीं की।

## पत्रकार दीपक शर्मा को (मातृ शोक) माता जी का निधन



करैरा। करैरा नगर के पत्रकार दीपक शर्मा की माँ श्रीमती निर्मला शर्मा का इंदौर के एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया है। लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग मे बतौर स्टाप नर्स अपनी सेवाएं देने बाली श्री मति निर्मला शर्मा करैरा की उन जानी मानी शख्सियतों में थी जो अपने अपार गायनिक अनुभव और ज्ञान से अनगिनत लोगों की मदद और सहयोग को हमेशा तत्पर रहती थी। करैरा नगर के लोग उन्हें एक चिकित्सक से ज्यादा पारंगत व प्रबुद्ध मानते थे,और उनपर भरोषा भी करते थे। जब भी किसी से वो मिलती उनका बात्सल्य,,आत्मीयता, स्नेह ऐसा था कि जो एक वार उनसे मिल लेता वो कभी भूलता ही नहीं था,आज भले वो हमारे बीच नहीं है लेकिन यहां के लोग उनके नाम को शायद ही कभी भूल सकेंगे। उनके निधन से नगर सहित आसपास के क्षेत्र मे शोक का माहोल छा गया। उनकी अंतिम यात्रा मे नगर के जनप्रतिनिधि, एडवोकेट, पत्रकार सहित गणमान्य

## रिटायर्ड डीएसपी गोली काण्ड के मुख्य आरोपी IPS चौहान को पुलिस अभिरक्षा में सब इंस्पेक्टर ने दी एनकाउंटर की धमकी





शिवपुरी। शहर के बहुचर्चित पूर्व डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार को गोली मारने के आरोप में शिवपुरी जेल में बंद विचाराधीन कैदी आईपीएस चौहान (इंद्र प्रताप सिंह चौहान) उर्फ सौरभ सिंह चौहान को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय से धमकी मिली हैं। यह आरोप आईपीएस चौहान ने अपने वकील के माध्यम से सीजेएम के समक्ष लगाया है। जहां माननीय न्यायालय ने इस मामले में जांच के आदेश दिए है। जानकारी के अनुसार इंद्र प्रताप सिंह चौहान पर कुछ दिनों पूर्व डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार को गोली मारने का आरोप लगा था। जिसके चलते पुलिस ने सौरभ चौहान (आईपीएस चौहान) पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया था। इस मामले में पुलिस सौरभ सिंह चौहान ने लंबे समय बाद पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए अपनी जान को खतरा बताया। जिसके चलते पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उक्त आरोपी को जेल भेज दिया। परंतु अब जेल से न्यायालय में पेशी पर आने के दौरान विचाराधीन कैदी सौरभ चौहान (आईपीएस चौहान) के वकील ओपी चतुर्वेदी द्वारा सौरभ सिंह की शिकायत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश करते हुए धमकाने का आरोप लगाया है। इस मामले में माननीय न्यायालय ने आरोपों की जांच कराए जाने का आदेश दिया है।आईपीएस के भाई सूरज चौहान पुत्र अनूप सिंह चौहान द्वारा सीजेएम कोर्ट में प्रस्तुत किए गए आवेदन के संबंध में जानकारी देते हुए एडवोकेट ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि सौरभ सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह चौहान पुत्र अनूप सिंह चौहान प्रकरण क्रमांक 650 /16 के विचारण के क्रम में न्यायालय द्वारा आज कोर्ट पेशी पर तलब किया गया था। इसी दौरान जब वह कोर्ट परिसर में स्थित पुलिस लॉकअप में बंद था। उसी समय कोतवाली पुलिस की एक गाड़ी वहां पहुंची और उसमें से उतरे सब इंस्पेक्टर चेतन शर्मा तथा एक अन्य सब इंस्पेक्टर ने लॉकअप में घुसकर सौरभ चौहान को बाल पकड़कर मारा पीटा तथा साथ में मौजूद आरक्षकों से कथित तौर पर यह भी कहा कि यह वही है जिसने डीएसपी लहरी साहब पर गोली चलाई थी इसे भगाओ और भागने की कोशिश में इसे गोली मारेंगे, इसे एनकाउंटर में मार देंगे।

## उधारी में पांच हजार मांगे, बदले में चलती कार में महिला को गैंग रेप मिला, बीच जंगल में छोडकर भाग गए

शिवपुरी।

शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र के मनियर टोल टैक्स की हैं जहां एक महिला ने नरवर क्षेत्र के तीन आरोपीयों पर अपहरण कर रेप का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पीडिता ने सिटी कोतवाली में की। जहां पुलिस ने उक्त मामले में तीनों आरोपीयों के खिलाफ रेप सहित अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेंचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार मनियर टोल टैक्स के पास निवासरत एक 25 वर्षीय महिला ने कोतवाली में शिकायत करते हुए बताया कि 16 तारीक को सुबह उसे पैसे की आवश्यकता थी। जिसके चलते उसने अपने परचित के रवि खटीक निवासी नरवर को फोन लगाकर पैसे उधार मांगे। जिसपर रवि ने कहा कि में शिवपुरी आ रहा हूं। और वही आकर पैसे देता हूं। उसके बाद आरोपी अपने साथी खान सहाब और नीरज जाटव को लेकर आया और महिला को फोनकर टोल टैक्स पर बुलाया। जिसके चलते महिला टोल पर आ गई। जहां आरोपी रवि खटीक ने महिला से कहा कि वह उसकी कार में बैठ जाए आगे एटीएम से पैसे निकालकर वह पैसे दे देगा और महिला को एटीएम से बापिस आने की बोलकर कार में बिठा लिया। उसके बाद उक्त आरोपी महिला को अपने साथ लेकर सीधे कोटा नाका तरफ चले गए। जहां चलती कार में तीनों आरोपीयों ने उक्त महिला के साथ रेप की बारदात को अंजाम दिया। उसके बाद उक्त आरोपीयों ने महिला को जंगल में उतारा और उसके साथ जंगल में भी रेप की बारदात को अंजाम दिया और उक्त आरोपी महिला को तेंदुआ थाना क्षेत्र के जंगल में छोडकर भाग गए। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।



# पीएम की चेतावनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशाम्बे में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन समिट को शुक्रवार को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और चीन के राष्ट्रपति शी-जिनपिंग की मौजूदगी में कट्टरपंथ पर तीखा हमला बोला। मोदी ने कहा कि मेरा मानना है इस क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और भरोसे की कमी से संबंधित हैं और इन समस्याओं का मूल कारण बढ़ता हुआ कट्टरपंथ है। अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम ने इस चुनौती को और स्पष्ट कर दिया है। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार को स्थापित करने में पाकिस्तान ने जिस तरह की भूमिका निभाई है, वह सभी को पता है। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने शेरों का गढ़ कहे जाने वाले पंजशीर में बमबारी की है। आईएसआई चीफ काबुल पहुंचे तो लगा कि तालिबान-पाकिस्तान में गजब की केमिस्ट्री चल रही है। कुछ हद तक ऐसा है भी, पर तालिबान राज से पाकिस्तान को इतना भी फायदा नहीं होने वाला, जितना वे उछल रहे हैं। अमेरिका ने दो हफ्ते के भीतर ही संकेत दे दिए हैं। अफगानिस्तान से भले ही अमेरिका ने अपने सैनिक बुला लिए हों, पर वह इस क्षेत्र को हमेशा के लिए भूलने वाला नहीं है। कभी आतंकवाद के खिलाफ जंग के नाम पर पाकिस्तान को अरबों रुपए देने वाले अमेरिका ने अफगानिस्तान से निकलते ही साफ कह दिया है कि वह पिछले बीस साल के दौरान पाकिस्तान की भूमिका की जांच करेगा। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की यह टिप्पणी पाकिस्तान के डबल गेम की तरफ सीधा इशारा है। एक तरफ वह आतंकियों को आश्रय देता है और दूसरी तरफ आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के नाम पर अपना खजाना भी भरता है। अमेरिका के सांसद तक कह रहे हैं कि पाकिस्तान की तालिबान को मजबूत करने में भूमिका, पाक सरकार में शामिल कट्टरपंथियों की जीत है। अफगानिस्तान में जो हालात हैं और पाकिस्तान वहां जो भूमिका निभा रहा है, वह भारत के लिए अच्छा संदेश नहीं है। अफगापिस्तान में तालिबान को स्थापित करने के बाद पाकिस्तान अपना मतलब साधने जिस तरह उसका इस्तेमाल करेगा, वह ज्यादा चिंता पैदा करने वाला है। इसीलिए अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए पूरी दुनिया को कट्टरपंथ के प्रति आगाह किया है। आतंक के खिलाफ जंग में भारत लंबे समय से दुनिया का साथ मांग रहा है। कई देशों ने भारत के साथ मिलकर जंग को आगे बढ़ाया भी है, मगर पाक और चीन जैसे देश अपने हित के लिए जिस तरह से कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं, वह बड़े खतरे की तरफ इशारा कर रहा है। मोदी की स्पीच में जिन बिंदुओं पर चिंता जताई गई है, उसे सभी देशों को गंभीरता से लेना होगा। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी सिर्फ भारत के लिए ही नहीं पूरी दुनिया के लिए आतंकवाद के फिर से पनपने का ठोस प्रमाण है।

# पैरालम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं अवनि

**योगेश कुमार गोयल**

**- सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है अवनि का गोल्डन सफर**

टोक्यो पैरालम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया और सबसे बड़ा कारनामा कर दिखाया भारत की पैरा शूटर अवनि लखेरा ने, जो 5 सितम्बर को पैरालम्पिक के समापन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक बनी। दरअसल अवनि ने इस पैरालम्पिक में दो-दो पदक जीतकर ऐसा इतिहास रच डाला, जो अब तक ओलम्पिक या पैरालम्पिक के इतिहास में भारत की कोई भी महिला खिलाड़ी नहीं कर सकी है। भारतीय निशानेबाज अवनि लखेरा ने टोक्यो पैरालम्पिक में 30 अगस्त को हुई निशानेबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, जो पैरालम्पिक्स के इतिहास में भारत का शूटिंग में पहला स्वर्ण पदक था। अवनि ने 21 निशानेबाजों के बीच 7वें पायदान पर रहते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई थी और महिलाओं के आर-2 10 मीटर एयर राइफल क्लास एसएच-1 में फाइनल मैच में उनका मुकाबला चीन की झांग कुइपिंग और यूक्रेन की इरियाना शेतनिक से था। अवनि ने 249.6 प्वाइंट प्राप्त कर न केवल चीन की शूटर को पराजित करते हुए स्वर्ण पर कब्जा जमाया बल्कि यूक्रेन की खिलाड़ी के वर्ष 2018 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की। अवनि की जीत के बाद चीन की झांग कुइपिंग को रजत और यूक्रेन की इरियाना शेतनिक को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। व्हील चेयर पर होते हुए भी जयपुर की अवनि ने महज 19 वर्ष की आयु में निशानेबाजी में 30 अगस्त को भारत के लिए पहला पैरालम्पिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब 3 सितम्बर की निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक भी भारत के नाम किया तो उनकी इस उपलब्धि पर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। दरअसल इस जीत के साथ ही अवनि एक ही पैरालम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई। हालांकि पुरूषों की स्पर्धा में अवनि से पहले यह कारनामा जोगिंदर सिंह सोढ़ी कर चुके हैं, जिन्होंने 1984 के पैरालम्पिक में एक रजत और दो कांस्य पदक (गोला फैंक में रजत और चक्का फैंक तथा भाला फैंक में कांस्य) जीते थे। वह किसी भी पैरालम्पिक में खेलों के एक ही चरण में कई पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। अवनि ने टोक्यो पैरालम्पिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उस स्पर्धा के फाइनल में 445.9 के स्कोर के साथ वह तीसरे स्थान पर रही। 8 नवम्बर 2001 को राजस्थान के जयपुर में जन्मी अवनि लखेरा के पिता प्रवीण लखेरा राजस्थान के रेवेन्यू विभाग में आरएएस के पद पर कार्यरत हैं। अवनि जब केवल 11 वर्ष की थी, उस दौरान उनके साथ एक दिन ऐसी घटनी घटी, जिसने उनकी जिंदगी को एकाएक गहरे अंधकार में धकेल दिया था। 20 फरवरी 2012 को वह अपने पिता के साथ जयपुर से धौलपुर जा रही थी कि रास्ते में उनकी कार दुर्घटना की शिकार हो गई। उस हादसे में अवनि और उनके पिता को गहरी चोटें लगी। हालांकि पिता तो कुछ समय बाद पूरी तरह ठीक हो गए लेकिन सड़क हादसे में अवनि की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी, जिस कारण वह करीब पांच महीने तक अस्पताल में बैड पर ही रही और इलाज के बाद भी जीवन पर्यन्त चलने-फिरने में असमर्थ हो गई। उस दर्दनाक हादसे के बाद अवनि बुरी तरह से टूट गई थी और उसने अपने आप को घर में एक कमरे में बंद कर लिया था लेकिन परिजनों ने हार नहीं मानी और लगातार उसका हौंसला बढ़ाते रहे। उस दौरान अवनि अपनी पढ़ाई-लिखाई पर ही फोकस करने लगी थी लेकिन उसके पिता ने



उसे खेलों में भी ध्यान लगाने को प्रेरित किया।

पिता के मार्गदर्शन में जब अवनि ने अभिनव बिंद्रा की जीवनी पढ़ी तो वह इस कदर प्रभावित हुई कि खेलों के प्रति उसके मन में जोश बढ़ गया। आखिरकार एक दिन ऐसा आया, जब वर्ष 2015 में अवनि जगतपुरा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में निशानेबाजी की ट्रेनिंग लेने के लिए पहली बार व्हील चेयर पर ही मैदान में उतरी। छोटी सी उम्र में व्हील चेयर पर होने के बावजूद अवनि ने अपनी परिस्थितियों से उसके बाद कभी हार नही मानी और दृढ़ संकल्प की बदौलत पैरालम्पिक में वह करिश्मा कर दिखाया, जिसे कर दिखाने में सामान्य खिलाड़ियों को भी बेहद कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। खेलों के प्रति वह इस हद तक समर्पित हो गई कि अब उन्हें 'गोल्डन गर्ल' के नाम भी जाना जाता है। हालांकि वह पढ़ाई-लिखाई में भी काफी अव्वल रहती हैं तथा फिलहाल शूटिंग के साथ-साथ लॉ की पढ़ाई कर रही हैं और आगे राजस्थान सिविल सर्विस में जाना चाहती हैं।

हालांकि शुरुआती दौर में अवनि को व्हील चेयर चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि वह मानदंडों के मुताबिक नहीं थी, इसके अलावा बंदूक और शूटिंग किट भी उपलब्ध नहीं थी लेकिन अपने दृढ़ संकल्प के साथ वह शूटिंग में बहुत जल्द शानदार प्रदर्शन करने लगी। वर्ष 2015 में अपनी ट्रेनिंग शुरू करने के कुछ महीनों बाद ही अवनि ने राजस्थान स्टेट चैम्पियनशिप में हिस्सा लेकर स्वर्ण पदक जीतकर हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। मजे की बात रही कि वह चैम्पियनशिप अवनि ने अपने कोच से उनकी राइफल उधार लेकर जीती थी। 2016 में पुणे में आयोजित हुई नेशनल चैम्पियनशिप में अवनि ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उसके बाद तो अवनि ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक के बाद एक कई पदक अपने नाम किए। 2018 में 61वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में भी अवनि ने पदक जीते थे। अपनी कड़ी मेहनत और जुनून के चलते अवनि ने 2016 से 2020 तक कुल पांच स्वर्ण पदक जीते। महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टेडिंग एसएच1 में विश्व रैकिंग में वह पांचवें स्थान पर आती हैं।

बहरहाल, टोक्यो पैरालम्पिक में अवनि की दोहरी सफलता ने साबित कर दिया है कि भारत की बेटियां भी अपनी मेहनत और बुलंद हौंसलों के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता हासिल करने का सामर्थ्य रखती हैं। दिव्यांग होते हुए भी अवनि ने निरन्तर सघंर्ष किया और उसी का प्रतिफल है कि उन्होंने टोक्यो पैरालम्पिक में दो-दो पदक जीतकर इतिहास रच डाला। 2012 में सड़क दुर्घटना में कमर के नीचे के शरीर को लकवा मार जाने के बावजूद अवनि का गहरे अवसाद से निकलकर कड़ा संघर्ष करने, दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने और टोक्यो पैरालम्पिक में दो पदक जीतने तक का शानदार सफर हर किसी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। निश्चित रूप से 19 साल की आयु में अवनि की देश को गौरवान्वित करने वाली उपलब्धियां समस्त भारतवर्ष की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी।

# सम्मान करो संपूर्णता से

तुम किसी का सम्मान उसकी ईमानदारी, बुद्धिमत्ता, प्रेम और कार्य कुशलता जैसे सद्गुणों के लिए करते हो परंतु समय के साथ-साथ इन गुणों में परिवर्तन आता है। जिसके कारण तुम उनका सम्मान नहीं कर पाते। तुम केवल सद्गुणों का, महानता का सम्मान करते हो। मैं संपूर्णता से हर एक का सम्मान करता हूं। इसीलिए किसी भी व्यक्ति के लिए मेरा सम्मान कम नहीं होता। सम्मान पाने के लिए किसी को महान होने की आवश्यकता नहीं। जीवन का सम्मान महान बनाता है। दूसरों से सम्मान की अपेक्षा मत करो। यह कमजोर बनाता है। आत्मा का सम्मान करो। तब कोई तुम्हारे आत्म सम्मान को ले नहीं सकता। जब कोई तुम्हें सम्मान देता है, तो इसलिए नहीं कि तुममे कुछ विशेष गुण हैं। यह उनकी महानता और उदारता के कारण है। यदि तुम कहते हो, ईश्वर महान है, यह तुम्हें महान बनाता है। ईश्वर तो महान हैं ही- तुम्हारे कहने से ईश्वर को कोई फर्क नहीं पड़ता। जब तुम किसी को सम्मान देते हो, यह तुम्हारी विशालता दर्शाता है। यदि तुम सबका सम्मान करते हो तो उतना अधिक तुम्हारा मोल है। वह ज्ञानी है, जो सबका सम्मान करता है। सम्मान देना उन्नत चेतना का गुण है। आत्मा के प्रति सम्मान निष्ठा है और निष्ठा है उन्मुक्त होना। जिस प्रकार तुम मुझे सम्मान देते हो, उसी तरह सबको सम्मान दो। परंतु जो अपेक्षा तुम सबसे करते हो, वह सबसे मत करो। प्राय~ तुम इसका उल्टा करते हो। तुम सबको वह आदर नहीं देते, जो मुझको देते हो पर आशा करते हो कि वे तुम्हें खुशी दें, तुमसे उत्तम व्यवहार करें। जब उनका व्यवहार तुम्हारी अपेक्षानुसार नहीं होता, तब तुम निराश होते हो और उनको दोषी ठहराते हो, उनकी निन्दा करते हो।

# गणेशधाम की अद्भुत गणेश प्रतिमा

**विष्णु अग्रवाल**

मॉ अहिल्ला बाई की पावन नगरी इन्दौर का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहाँ अनगिनत देवी-देवताओं के विशालतम मंदिर है। उनसे जुड़ी चमत्कारिक मान्यताएं तथा जन विश्वास की वजह से मंदिरों की ख्याति दूर-दूर तक पहुंचती है। प्रकृति की महिला अपरंपार है। अभी तक मनुष्य द्वारा अपनी कला से निर्मित लकडी, मिट्टी, सीमेन्ट, कान्क्रीट, संगमरमर, ताबा, पीतल, चांदी, सोना अष्ट धातु आदि की विभिन्न मूतियो व कलाकृतियों देखने को मिलती है। किन्तु सफेद आंकड़े की जड़ से गणेश जी की प्रतिमा बनना- एक अलग लोक विश्वास का प्रतीक है। इन्दौर में ऐसी मूतियों का केन्द्र बिन्दु मंदिर भी है - शिलावटपुरा स्थित गणेशधाम। जहाँ पर ढाई फीट ऊंची 20 इंच लम्बी सूंड वाली आंकड़े की जड़ से स्वनिर्मित प्रतिमा, जिसके कि सूंड के नीचे दो दांत, जबड़ा तथा चार हाथ व पाव भी स्वनिर्मित प्रतिमा, और समग्र रूप से गणेश जी पद्मासन की मुद्रा में विराजमान है।

प्रकृति के अनमोल उपहार को प्राप्त करने का सौभाग्य प्रसिद्ध सादक तथा तांत्रिक तेजकरण राठौर को है, जो कि विगत 50 वर्षो से एक समय व्रत व गुरू पूर्णिमा से गणेश चतुथी 51 दिन तक मौनव्रत व उपवास कर रहे थे। तेजकरण जी राठौर ने बताया कि अपने घर में स्थित मॉ बिजासन देवी और श्री नर्मदेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कि लिए हरसिद्वी मंदिर इन्दौर के सामने स्थित नदी के किनारे एक प्राचीन सफेद आंकड़े के वृक्ष से फूल नियमित रूप से ले जाते थे, किन्तु फूल मण्डी व फेसिंग लगने के कारण सफेद आंकड़े वृक्ष काट दिया गया था।

एक दिन तेजकरण जी राठौर अपनी आराध्य देवी मॉ के ध्यान में बैठे थे, तो उन्हें अचानक ही माँ ने चेतना दी कि जिस सफेद आंकड़े के वृक्ष फूल श्री नर्मदेश्वर महादेव पर चढ़ाते हो, उसकी जड़ में स्वनिर्मित श्री गणेश जी विराजमान हैं। उक्त चेतना के आधार पर उन्होंने विद्वानों से परामर्श कर पुष्य नक्षत्र में उक्त मूर्ति को खोदकर प्राप्त करने का निश्चय किया। किन्तु दुर्भाग्य सवे उन दिनों



इन्दौर में कर्फ्यू लगा हुआ था, किन्तु देवी शक्ति प्राप्त होने के कारण वे किसी भी प्रकार से विचलित नहीं हुए और किसी तरह गंतव्य स्थान पर पहुंच और पूजा अर्चना के बाद सफेद आंकड़े की जड़ को खोदना शुरू किया। काफी खोजने के बाद उन्हें स्वयंभू श्री गणेश के दर्शन हुए। उक्त स्वयंभू गणेशजी को अपने सिर पर विराजमान कर अपने निवास स्थान पर ले आए और मिती भादवा वदी 12 प्रदोष रवि पुष्य नक्षत्र (दिनांक 4-9-84), में श्री गणेश जी की विधिविधान से प्राणप्रतिष्ठा करवाई। फिर उन्होने अपने निवास स्थल को गणेशधाम का स्वरूप दे दिया और अब श्री गणेश जी की मूर्ति के साथ संगमरमर की रिद्वि-सिद्वि व गणेश जी के पुत्र शुभ-लाभ की मूर्तियो विराजित है। वे अखण्ड ज्योति विगत 32 वर्षो से जल रही है।

मंदिर की ख्याति सुनकर देश के ख्यातिनाम संत महापुरूष विद्वान वासुदेवचार्य जी, अयोध्या के रामानुजाचार्य स्वामी, रामकिशोर जी, बालकृष्ण यतिजी, सिंहस्थ महापर्व के पूर्व इन्दौर पधारे कई साधु-संत व भजन सम्राट अनूप जलोटा, समर्पित दस्युराज मलखान सिंह, आदि भक्तजन दर्शन लाभ लेने आ चुके हैं। सुश्री कनकेश्वरी देवी तो नंदी ग्राम नंदानगर में रामायण कथा प्रारम्भ करने के पूर्व व समाप्ति के पश्चात् दो बार श्री गणेश जी की स्तुति करने पधारी थी सफेद आंकड़े की जड़ से निर्मित प्रतिमा अन्य मानव निर्मित प्रतिमाओं से अधिक आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है, क्योंकि प्रकृति से जुड़ा लोक विश्वास इसमें ज्यादा पुष्ट होता है। प्रकृति की इस अनमोल देने से इन्दौर नगर निश्चित ही गौरावान्वित हुआ है। टाइम्स ऑफ इंडिया ने तो इस प्रतिभा को एशिय में एकमात्र दुर्लभ प्रतिमा बताया है। यहाँ प्रतिवर्ष तिल चतुर्थी पर श्री गणेश का प्रकाशोत्सव विगत 30 वर्षो से बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। नित्य गणेश जी के दर्शन हेतु अनेक दर्शनार्थी व परीक्षा के दिनों में परीक्षार्थियो का तो तांता लगा रहता है। राठौर जी मात्र चौथी कक्षा तक शिक्षा प्राप्त थे। इसके बाद भी उन्हें संस्कृत श्लोक कंठस्थ याद हैं।

# उत्तम ब्रह्चर्य, वासना से वात्सल्य की ओर

## सूडोकु नवताल- 5837

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5836 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

**विजय कुमार जैन**

**(जैन दस लक्षण धर्म विशेष)**

बात उत्तम ब्रह्चर्य की है। विश्व के समस्त धर्मो में ब्रह्चर्य को एक पावन और पवित्र धर्म माना गया है। यह समस्त साधनाओं का मूल आधार है। आत्मा की उपलब्धियों के लिये किया जाने वाला आचरण ब्रह्चर्य है। आत्मोपलब्धि ही परम ब्रह्म की उपलब्धि है। जो व्यक्ति आत्मा के जितना दूर है वह उतना ही बड़ा भ्रमचारी है। हमें ब्रह्मचारी और भ्रमचारी में अन्तर करके चलना है। ब्रह्मचारी का अर्थ है ब्रह्म (ब्रह्ममय आचरण करने वाला) में जीने वाला और भ्रमचारी का अर्थ है भ्रम में जीने वाला ।

काम और भोग ही हमे हमारी आत्मा से बाहर लाते है। कामनाओं से ग्रसित व्यक्ति का चित्त सारी दुनिया में डोलता रहा हैं काम और भोग ही हमे भटकाने वाले तत्व है। जिसके अन्दर जितनी अधिक कामनायें है वह आत्मा से उतना ही अधिक दूर है, तथा जो कामनाओं से जितना अधिक मुक्त है। वह आत्मा से उतना ही अधिक नजदीक हे। कामनायें हमें वहिर्मुखी बनाती है और कामना मुक्त अन्तर्मुखता का आधार है। अन्तर्मुखी आत्मा में ही ब्रह्म का तेज प्रकाशित होता है उसके लिये काम-भोग की आकांक्षाओं से ऊपर उठना अनिवार्य है।

आकांक्षाओं/वासनाओं की



आशा हमे प्रभावित करती है। और हमारा अनुभव पराजित हो जाता है। वासना/आकांक्षा/तृष्णा कोई कितना ही पूर्ण करना चाहे, वह पूरी नहीं हो सकतीं वह तो सुरसा की तरह है, जिसका मुख निरंतर फैलता ही जाता है। वासना ऐसे कलश की भांति है जो पेंदी विहीन है। पेंदी विहीन कलश को कोई कितना भी भरना चाहे वह रिक्त ही रहेगा। उसे भरने का प्रयास करना हमारी नादानी है।

देहानुराग ओर आत्मानुराग में बहुत अन्तर है। इन दोनों में उतना ही अन्तर है जितना कि वासना और वात्सल्य में । देह पर आधारित प्रेम वासनामय होता है, आत्मा पर आधारित प्रेम वात्सल्यमय होता है। एक में वासना का विकार है। तो दूसरे में ब्रह्मचर्य की शोभा । विवाह के बाद गृहस्थ का काम एक पर सीमित हो जाता है। अपने पति अथवा पत्नी की अतिरिक्त अन्य सभी के प्रति ब्रह्मचर्य का भाव । इसीलिये गृहस्थ को ब्रह्मचारी कहा गया है। विवाह व्यवस्था सामाजिक मर्यादा और संबंधों की पवित्रता स्थापित रखने के उद्देश्य से की गयी है। जैन धर्म में विवाह करके परिवार बसाने की तो अनुमति दी गयी है, पर पशुओं की तरह स्वेच्छिक जीवन की अनुमति नहीं है। जो लोग विवाह भी नहीं करते और ब्रह्मचर्य भी नहीं अपनाते, वे सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं। ऐसे व्यक्ति न धार्मिक है न सदाचारी । कुरल काव्य में कहा गया है- मनुष्य चाहे कितना भी श्रेष्ठ क्यों न हो, पर उसकी श्रेष्ठता किस काम की, जबकि वह व्यभिचारजन्य लज्जा का कुछ भी विचार न कर परस्त्रीगमन करता है। साधक अपनी साधना मे तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक कि वह अपने मन के विकल्पों को जीत न ले। रूप को देखकर भी जिसके मन में रूप के प्रति आसक्ति उत्पन्न नहीं होती वही सच्चा साधक है। काम वासना पर विजय पाये बिना अपनी साधना के अभीष्ट को नहीं पाया जा सकता । और तो क्या भ्रष्ट जीवन जीने की अपेक्षा मरण ही श्रेयस्कर है। ''व्यभिभारी व्यक्ति को इन चार बातों से कभी भी छुटकारा नहीं मिलता घ्रणा, पाप, भ्रम और कलंक''।

# भारत हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठा है?

**वेदप्रताप वैदिक**

शांघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार अफगानिस्तान पर अपना मुँह खोला। उन्हें बधाई, उनके जन्मदिन की भी ! पिछले डेढ़-दो महिने से ऐसा लग रहा था कि भारत की विदेश नीति से हमारे प्रधानमंत्री का कुछ लेना-देना नहीं है। उन्होंने विदेश नीति बनाने और चलाने का सारा ठेका नौकरशाहों को दे दिया है लेकिन अब वे बोले और अच्छा बोले। उन्होंने अफगानिस्तान में सर्वसमावेशी सरकार और आतंक-मुक्ति की बात पर जोर दिया, जो बिल्कुल ठीक थी लेकिन उसमें नया क्या था? वह तो सुरक्षा परिषद और मानव अधिकार आयोग की बैठक में सभी राष्ट्र कई बार प्रस्ताव पारित कर चुके हैं। सबसे ज्यादा खेदजनक बात यह हुई कि इस शांघाई संगठन की बैठक में भाग लेनेवाले राष्ट्रों में से चीन, रूस, पाकिस्तान और ईरान ने अपनी एक अलग बैठक की। इन चारों राष्ट्रों ने भारत को पूछा तक नहीं। भारत को अछूत मानकर इन राष्ट्रों ने उसे अलग बैठाए रखा। ये यह बताएं कि भारत की गलती क्या है? भारत ने आज तक हमेशा अफगानिस्तान का भला ही किया है। उसने वहाँ कभी अपना कोई स्वार्थ सिद्ध नहीं किया। अफगानिस्तान की आम जनता में भारत के लिए जो सराहना का भाव है, वह दुनिया के किसी राष्ट्र के लिए नहीं है। आज अकालग्रस्त अफगानिस्तान की जैसी मदद भारत कर सकता है, दुनिया का कोई राष्ट्र नहीं कर सकता है। लेकिन मुझे लगता है कि सारे पड़ौसी राष्ट्रों के दिल में यह बात घर कर गई है कि भारत सरकार की कोई अफगान नीति नहीं है। वह अमरीका का पिछलग्गू बन गया है। इस धारणा को गलत साबित करते हुए हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी को आश्वस्त किया है कि वे हमारे सेनापति बिपिन रावत के चीन-विरोधी बयान से भी असहमत हैं और भारत किसी तीसरे देश (अमेरिका) के कारण चीन से भारत के आपसी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देगा। यह तो बहुत अच्छा है लेकिन अफगानिस्तान के मुद्दे पर भी हम यह बात क्यों नहीं लागू कर रहे हैं? नरेंद्र मोदी का यह आशय ठीक है कि तालिबान सरकार को मान्यता देने में जल्दबाजी न की जाए लेकिन अफगान जनता की मदद में कोताही भी न की जाए। तालिबान से संपर्क किए बिना इस नीति पर हम अमल कैसे करेंगे? अब अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया ने चीन को घेरने के लिए सामरिक समझौता, नाटो की तरह कर लिया है लेकिन अमेरिका का सारा जोर चीन के खिलाफ लग रहा है। उसे दक्षिण और मध्य एशिया की कोई चिंता नहीं है, जो भारत का सदियों पुराना परिवार (आर्यावर्त्त) है।

# पोनीटेल बनाते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, बिगड़ सकता है लुक



पोनीटेल आसानी से बनने वाला हेयरस्टाइल है, लेकिन फिर भी कई महिलाएं इसे बनाते समय कुछ गलतियां कर बैठती हैं। इन गलतियों के कारण बालों को पोनीटेल का परफेक्ट लुक नहीं मिल पाता है। अगर आप चाहती हैं कि पोनीटेल से आपको एकदम स्टनिंग लुक मिले तो आपके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए आज आपको कुछ ऐसी गलतियों ही के बारे में बताते हैं जिनसे पोनीटेल बनाते समय बचना चाहिए।

**बहुत टाइट पोनीटेल बनाना**

कई महिलाएं यह गलती करती हैं और बहुत टाइट पोनीटेल बनाना गलत है। महिलाएं टाइट पोनीटेल इस वजह से बनाती है कि वह अपनी जगह पर ही रहें या फिर उनका लुक न बिगड़े। हालांकि अगर इसा तरह लगातार पोनीटेल बनाई जाए तो इससे बालों की जड़ों को नुकसान होता है और बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती है। इतना ही नहीं, इसके कारण सिरदर्द भी हो सकता है।

**गीले बालों में पोनीटेल बनाना**

अगर आप कहीं जाने के चक्कर में अपने गीले बालों में ही पोनीटेल बना लेती हैं तो यह भी एक बड़ी गलती है। दरअसल, गीले बाल बहुत कमजोर होते हैं और पोनीटेल बनाने से वे टूट सकते हैं। इसके अलावा इस कारण आपको दोमुंहे बालों की समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है। इसलिए पहले बालों को नेचुरली सुखाएं और तभी पोनीटेल बनाएं। अगर आप जल्दी में हैं तो ब्लो ड्रायर की मदद से बालों को सुखा सकती हैं।

**बाथरूम में पोनीटेल बनाना**

सुनने में भले ही आपको अजीब लगे, लेकिन बाथरूम में पोनीटेल बनाना भी एक गलती है। वैसे तो कई महिलाएं बाथरूम में हेयरस्टाइलिंग करती हैं, लेकिन बाथरूम में पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं होता है जिसके कारण हवा में मौजूद मॉइश्चर आपकी स्मूद पोनीटेल को फ्रिजी कर सकता है और फिर आपको वह फाइनल टच नहीं मिलता जो आपको वास्तव में चाहिए होता है। फ्रिज-फ्री पोनीटेल बनाने के लिए आप इसे बेडरूम में बना सकती हैं।

**चेहरे के आकार के अनुसार पोनीटेल न बनाना**

कई महिलाएं इस बात पर ध्यान नहीं देतीं और इसलिए उन्हें पोनीटेल से परफेक्ट लुक नहीं मिल पाता है। बता दें कि पोनीटेल को कई तरह से बनाया जा सकता है। उदाहरण के लिए हेयर पार्टिंग करके या फिर बिना हेयर पार्टिंग के। ऐसे में पहले अपने चेहरे के आकार पर ध्यान दें और उसके बाद ही पोनीटेल बनाएं। अगर आपका चेहरा अंडाकार या लंबा है तो आपके लिए पोनीटेल विद बैंग्स लुक अच्छा रहेगा।

## राम चरण की फिल्म आरसी 15 की शूटिंग सितंबर में शुरू करेंगी कियारा आडवाणी



कियारा आडवाणी ने बॉलीवुड में एक्टिंग के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वह कई फिल्मों के प्रोजेक्ट पर काम रही हैं। वह इस साल राम चरण की पैन इंडिया फिल्म आरसी 15 को लेकर चर्चा में रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी। सितंबर में ही कियारा भी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा फिल्म की टीम के साथ सितंबर में आरसी 15 की शूटिंग शुरू कर देंगी। खबरों की मानें तो कियारा के साथ साउथ सुपरस्टार राम चरण भी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म का निर्देशन शंकर करेंगे, जबकि दिल राजू के कंधों पर फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी होगी। बताया जा रहा है कि सितंबर के पहले सप्ताह में फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। यह कियारा की पहली साउथ फिल्म होगी। कियारा फिल्म में फीमेल लीड किरदार में नजर आएंगी। एक सूत्र ने बताया, मेकर्स पहले जुलाई के पहले सप्ताह में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे थे। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के कारण न केवल राम की आगामी फिल्म आरआरआर के शेड्यूल में देरी हुई, बल्कि इससे आरसी 15 के प्री-प्रोडक्शन की प्रक्रिया भी धीमी हो गई। हालात सामान्य होने के बाद फिल्म की शूटिंग सितंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी। कियारा इस फिल्म में राम के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए मेकर्स ने अभिनेता सलमान खान को भी अप्रोच किया था। वह इस फिल्म में एक कैमियो की भूमिका में नजर आ सकते हैं।

# फिल्म डॉक्टर जी से आयुष्मान खुराना का लुक वायरल



आयुष्मान खुराना अलग तरह की भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने हर अवतार से दर्शकों का दिल जीता है। पिछले कुछ समय से आयुष्मान फिल्म डॉक्टर जी को लेकर सुर्खियों में हैं। जैसा कि इस फिल्म में आयुष्मान डॉक्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं और अब इस फिल्म से उनका लुक भी सामने आ गया है, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चश्मे के साथ सफेद जैकेट पहने आयुष्मान ने हाथों में किताबें और स्टेथोस्कोप लिए किसी स्टूडेंट से कम नहीं लग रहे हैं। आयुष्मान के परफेक्शन का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह जिस किसी भी रोल में होते हैं, उसके भीतर समा जाते हैं। आयुष्मान ने हाल ही में डॉक्टर जी की शूटिंग शुरू की है। उन्होंने कहा, इस फिल्म का विषय मेरे दिल के बहुत करीब है। हम बेसब्री से इसकी शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार यह दिन आ गया है। उन्होंने कहा, मैं पहली बार पर्दे पर डॉक्टर का किरदार निभाते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस फिल्म के जरिए मैं एक बार फिर स्टूडेंट के तौर पर हॉस्टल लाइफ की अपनी यादें ताजा कर सकूंगा। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ पहली बार अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी। रकुल इसमें मेडिकल स्टूडेंट फातिमा की भूमिका में दिखेंगी, वहीं, आयुष्मान डॉक्टर उदय की भूमिका में होंगे। फिल्म में शेफाली शाह भी अहम भूमिका निभा रही हैं। वह इसमें सीनियर डॉक्टर नंदिनी बनी हैं। फिल्म का निर्देशन अनुभूति कश्यप कर रही हैं। आयुष्मान भोपाल में डॉक्टर जी की शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग लोकेशन से आयुष्मान ने एक वीडियो इंस्टा स्टोरी पर भी शेयर किया है। आयुष्मान फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी को लेकर भी चर्चा में हैं। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वह वाणी कपूर के साथ इश्क फरमाते नजर आएंगे। यह पहला मौका है।

# ईशा देओल की कमबैक फिल्म एक दुआ का ट्रेलर रिलीज



ईशा देओल पिछले कुछ दिनों से फिल्म एक दुआ को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से वह पर्दे पर वापसी कर रही हैं। खास बात यह है कि ईशा इस फिल्म की निर्माता भी हैं। इसी के जरिए उन्होंने प्रोडक्शन जगत में कदम रखा है। कुछ ही दिन पहले खुद ईशा ने अपनी इस फिल्म का ऐलान किया था और अब उन्होंने इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आइए देखते हैं कैसा है फिल्म का ट्रेलर। ईशा ने भी फिल्म का ट्रेलर पोस्ट कर लिखा, फिल्म एक दुआ 26 जुलाई को वूट सेलेक्ट पर रिलीज हो रही है। देखिए इसका ट्रेलर और हमें अपना प्यार व दुआएं भेजिए, अपना आशीर्वाद दीजिए। इस फिल्म की कहानी ईशा के कैरेक्टर अबिदा के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में एक ऐसे परिवार की कहानी दिखाई गई है, जो काफी मेहनत से काम करने के बाद भी अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं कर पाता।

ईशा ने 12 जुलाई को इस फिल्म की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भरत ईशा फिल्म्स के बैनर तले हम निर्माता के रूप में अपनी पहली फिल्म एक दुआ लेकर आ रहे हैं। जब मुझसे इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो मुझे इसकी कहानी के साथ गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। मैंने तय कर लिया कि मैं इसकी निर्माता भी बनूंगी। राम कमल मुखर्जी इस फिल्म के निर्देशक हैं। ईशा, अजय देवगन की वेब सीरीज रूद्र को लेकर भी चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में ट्वीट किया था, रूद्र मेरी पहली वेब सीरीज है और वो भी इतने शानदार अभिनेता अजय देवगन के साथ, जो कि फिल्मों में मेरे को-स्टार रह चुके हैं। ईशा ने कहा, मैं इस सीरीज से जुड़कर बेहद खुश हूं। इसके जरिए मुझे बतौर एक्टर कुछ नया एक्सप्लोर करने का मौका मिलेगा।

## बचपन की यादें हमारे जीवन में महत्वपूर्ण हैं: स्नेहलता वसईकर


शो 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' में गौतमबाई या अहिल्या की सास का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री स्नेहलता वसईकर ने साझा किया कि उनकी भूमिका ने उन्हें बचपन के दिनों में वापस धकेल दिया है। वह इस बात पर भी ध्यान देती हैं कि हमारी जड़ों से जुड़े रहना कितना महत्वपूर्ण है। अभिनेत्री का कहना है, बचपन की यादें हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। यह हमें सबसे अच्छे समय को याद करती है। वे हमारी सोच और भविष्य को आकार देते हैं। जब किसी के पास अच्छी यादें होती हैं, तो वे बड़े होकर खुश होते हैं। स्नेहलता को लगता है कि जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कई चीजें बदल जाती हैं, और हम अपने शुरुआती दिनों को और भी ज्यादा याद करते हैं। यह मां के खाना पकाने की खुश्बू जैसी छोटी चीजों को याद करने के बारे में है क्योंकि उन्होंने हमारा पसंदीदा भोजन बनाया, पड़ोस के बच्चों के साथ घूमने की खुशी, अपने पिता के साथ रविवार को आइसक्रीम खाने जाना, मस्ती से भरी छुट्टी लेकर चचेरे भाई से मिलना, जन्मदिन मनाना। ये अनुभव लंबे समय तक चलने वाली यादें बनते हैं जो हमारे दिल और दिमाग में हमेशा के लिए रहती हैं। 'पुण्यश्लोक अहिल्याबाई' एक पीरियड ड्रामा है जिसमें एक आम लड़की अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को दर्शाया गया है। जैसा कि इस शो के वर्तमान ट्रैक में अहिल्या द्वारा निभाई गई शिक्षा के चरण और अहिल्या द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को दर्शाया गया है, अभिनेत्री अहिल्या के चरित्र को दयालु और अपने परिवार की देखभाल करने वाली पाती है। अहिल्या अपने परिवार के साथ एक मजबूत बंधन साझा करती है जैसे आप सभी करते हैं।

# अच्छी फिल्मों को चुनकर दर्शकों का भरोसा दोबारा जीतना चाहती हूं : तापसी पन्नू



*तापसी पन्नू को एक तेलुगु फिल्म मिशन इम्पॉसिबल के लिए साइन किया गया है। अभिनेत्री का कहना है कि अच्छी फिल्मों को चुनकर दर्शकों का भरोसा वह दोबारा जीतने में कामयाब होंगी। तापसी ने कहा, पिछले सात वर्षों में मैंने हमेशा उन कहानियों का हिस्सा बनने की कोशिश की है, जिन्हें मैं खुद एक दर्शक के रूप में देखना चाहती हूं, जिन फिल्मों पर मैं अपना समय और पैसा खर्च करूंगी। और मिशन इम्पॉसिबल उनमें से एक है। उन्होंने कहा, अच्छी फिल्मों को चुनकर दर्शकों का भरोसा दोबारा जीतना चाहती हूं और मैं इस तरह की फिल्म का हिस्सा बनकर ठीक यही कर रही हूं। तापसी आज फिल्म की टीम में शामिल हुईं। सेट पर अभिनेत्री का स्वागत करते हुए, निर्माताओं ने एक वर्किंग स्टिल जारी की, जिसमें अभिनेत्री को टूटे हाथ के साथ देखा जा सकता है। वह टेंशन में लैपटॉप पर कुछ देखती है। निरंजन रेड्डी और अन्वेश रेड्डी फिल्म का निर्माण करते हैं, जबकि एन एम पाशा सहयोगी निमार्ता हैं। फिल्म में छायांकन दीपक येरागारा द्वारा संभाला गया है और संगीत मार्क के रॉबिन द्वारा बनाया गया है। रवि तेजा गिरिजाला संपादक हैं।*

# बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



मानसून यानि बारिश का मौसम जितना मन को लुभाता है, उतना ही यह त्वचा के लिए परेशानियों का कारण बनता है। यह मौसम स्किन एलर्जी की समस्या का कारण बन सकता है और इस दौरान त्वचा पर खुजली, रैशेज, लालीपन और सूजन होने लगती है। आइए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनकी मदद से बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत पाई जा सकती है।

**एलोवेरा आएगा काम**

एलोवेरा में एंटी-वायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक (दर्दनिवारक) गुण मौजूद होते हैं। ये सभी गुण बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत दिलाने में सहायक हो सकते हैं। राहत के लिए सबसे पहले एलोवेरा की पत्ती को धोकर काट लें और एक चम्मच की मदद से इसका जेल निकाल लें। अंत में यह जेल प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इस उपाय को तब तक न छोड़ें जब तक कि आपको स्किन एलर्जी से पूरी तरह से छुटकारा न मिल जाए।

**नारियल के तेल का करें इस्तेमाल**

नारियल के तेल का इस्तेमाल करके भी आप बारिश के कारण हुई स्किन एलर्जी से तुरंत राहत पा सकते हैं क्योंकि यह एक हीलिंग एजेंट के रूप में काम करता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं जो स्किन एलर्जी को जल्द दूर करने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए नारियल के तेल से प्रभावित जगह की कुछ देर तक हल्के हाथों से मालिश करें।

**नीम की पत्तियों का पेस्ट लगाएं**

बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत दिलाने में नीम की पत्तियां भी काम आ सकती हैं। समस्या से राहत पाने के लिए पहले नीम की कुछ पत्तियों को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें और फिर सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद तैयार पेस्ट को स्किन एलर्जी वाली जगह पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद इसे साफ पानी से धो लें। नीम के पेस्ट के रोजाना इस्तेमाल से त्वचा को काफी फायदा मिलेगा।

**सेब का सिरका है प्रभावी**

सेब के सिरके में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। ये गुण बारिश के कारण होने वाली स्किन एलर्जी से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। आपको जब भी बारिश के कारण स्किन एलर्जी हो तो एक गिलास गुनगुने पानी में दो चम्मच सेब का सिरका और स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें। इस घोल का सेवन नियमित रूप से दिन में एक से दो बार किया जा सकता है।

## एक्ट्रेस निधी शाह का ग्लैमरस अवतार सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निधी शाह ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में निधी शाह बेहद खूबसूरत तो लग ही रही हैं। निधी शाह का ग्लैमरस लुक खूब पसंद किया जा रहा है। निधी शाह का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी बोल्ड एंड ग्लैमरस फोटोज से भरा पड़ा है। निधी शाह के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 986के फॉलोअर्स हैं। फेमस टीवी शो अनुपमा की बहू किंजल यानी निधी शाह इस शो से लोगों की फेवरेट अदाकारओं की लिस्ट में शामिल हो चुकी हैं। निधि शाह ने साल 2013 में फिल्म 'मेरे डैड की मारूति' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने कैमियो रोल निभाया था। निधि शाह शाहिद कपूर की फिल्म 'फटा पोस्टर निकला हीरो' में कैमियो में नजर आई थी। इसमें भी उनका एक छोटा सा किरदार था। निधि शाह ने सीरियल 'जाना ना दिल से दूर' से छोटे पर्दे पर एंट्री की थी।

## वन-टू-वन

### विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा गोला का मंदिर स्त्तिथ गौ शाला में अनियमिताओं के चलते दिया ज्ञापन।



**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । विश्व का सबसे बड़ा संगठन विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा गोला का मंदिर गौ शाला में अनियमिताओं के चलते गौ वंश अत्यधिक कमजोर लाचार एवं असहाय हो रहा है गौ शाला में बारिष के कारण गौ शाला के अंदर अत्यधिक दलदल होने के कारण गाय मर रही हैं जिसके चलते नगर निगम प्रशासन से निवेदन किया कि जल्द से जल्द गायों की रक्षाकी जाये अन्यथा विश्व हिन्दू परिषद हिन्दू समाज को लेकर उग्र आनंदोलन करने के विवश जायेगा।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशान की होगी।इसमें समस्त बजरंग दल के कार्यकर्ताओं भरत राजपूत, रघु भदौरिया, शेखर तोमत के साथ साथ गऊ सेवक मौजूद रहे।

### खौड मे आदरा युवा मित्र मंडल द्वारा गणपति महोत्सव आयोजित



**खौड मे बप्पा के जयकारों के संग गणपति का किया विसर्जन**

**पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली।** खौड गांव के जवाली रोड स्थित आदरा युवा मित्र मंडल द्वारा पिछले कई दिनों से चल रहे गणपति उत्सव को लेकर रात्रि में गरबा कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ हुआ। वहीं पूर्व रात्रि में महाआरती के साथ बालिकाओं द्वारा गरबा नृत्य का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का माला व साफा द्वारा स्वागत किया गया। वही शनिवार दोपहर में कस्बे में धूमधाम से भक्तों द्वारा वरघोड़ा निकाला गया। जिसमें युवाओं ने डीजे के संग झूमते नाचते गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे के साथ तालाब पर गणपति विसर्जन किया। इस मौके पर रविंद्रसिंह मेड़तिया,कॉन्स्टेबल रमेश कुमार, भूपेंद्रसिंह मेड़तिया, चुनीलाल वैष्णव, जसराज मेघवाल, ओपाराम मेघवाल, आदाराम मेघवाल, दीपाराम, भीमाराम, वेनाराम, दिलीप मेघवाल, राजूराम, हंसराज आदरा, श्रवण, कैलाश कुमार, मिश्रीलाल, फोजाराम, रामलाल, नरेश, बाबूलाल, तेजाराम समेत महिलाएं मौजूद रही ।

### खुण्डावास के आंगनवाड़ी केंद्र पर मनाया पोषण दिवस



**पुष्पांजली टुडे**

**पाली** । रोहट क्षेत्र के खुण्डावास मे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र शुक्रवार को पोषण दिवस मनाया गया जिसमें खुण्डावास ग्राम पंचायत के चारो गांव खुण्डावास,सेदरिया,मालवा, सुकरलाई की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया इस दौरान उन्होंने पौष्टिक आहार की प्रदर्शन की। प्रदर्शनी का निरीक्षण सरपंच राजेंद्र सिंह राजपुरोहित व उपसरपंच अर्जुन सिंह जोधा ने किया। इस दौरान भूपेंद्र सिंह खेड़िया,ए एन एम नेनी देवी, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश विश्नोई, पंचायत सहायक जगाराम पटेल आदि मौजूद थे।

### समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन संपन्न हुआ



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरू.** ~अग्रहार स्थित मैसूरु जिला पत्रकार संघ भवन में आज निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया द्य जिसमें संघ के सदस्यों ने रक्तचाप,शुगर,ईसीजी आदि की जांच करवाई द्य इस दौरान दृष्टिबाधित युवक व युवतियों ने भी अपने स्वास्थ्य जांच करवाई इस अवसर पर समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित,मैसूरु जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एसटी रवि कुमार,प्रधान कार्यदर्शी एम.सुब्रमण्य,कार्यदर्शी पी.रंगस्वामी, सदस्य दिनेश,रवि शंकर,महेश,जयशंकर राज अर्स ,नागेस, अरसु ,मुरली,जंनकसिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे द्य

# मुफ्त गैस कनेक्शन पाकर खिले महिलाओं के चेहरे: रामकुमार महते

**उज्ज्वला योजना से महिलाओं को मिलेगी चूल्हे के धुएं से आजादी-परमाल सिंह**

**दबोह में उज्ज्वला योजना अंतर्गत जरूरत मंद महिलाओ वितरित किये गैस सिलेन्डर**

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

शनिवार 18 सितंबर 2021 को नगर दबोह में शासन की मंशानुरूप उज्ज्वला योजना 0.2 के अंतर्गत हितग्राही महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन वितरण किये गए।कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नप अध्यक्ष लहार रामकुमार महते मौजूद रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह गुर्जर व सम्मानीय अतिथि के रूप में कैलाश सिरधर बीसन पुरा मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण किया गया।तदोपरांत टीवी स्क्रीन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के उज्ज्वला योजना 0.2 के कार्यक्रम को लाइव कर हितग्राहियों को दिखाया गया।उसके बाद एजेंसी सञ्चालक द्वारा मौजूद अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।जिसके बाद ठीक शासन के द्वारा निश्चित समय पर हितग्राहियों को मुफ्त गैस कनेक्शन क्रम-क्रम से वितरित किये गए।आयोजित कार्यक्रम में 100 हितग्राही महिलाओं को दबोह इण्डेन ग्रामीण वितरक के द्वारा मुफ्त गैस सिलेंडर कनेक्शन मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नप अध्यक्ष लहार रामकुमार महते,विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र गुर्जर,बालाजी गुर्जर व दबोह इण्डेन ग्रामीण वितरक के संचालक परमाल सिंह गुर्जर के द्वारा वितरण किये गए।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की इस योजना का लाभ पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे।इस दौरान मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व नप अध्यक्ष रामकुमार महते ने मंच पर हितग्राही महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले गैस के लिए लाइन में लगे लोगों पर लाठियां बरसती थी,लेकिन अब पीएम मोदी की उज्जवला योजना से लोगों को लाभ मिला है।उन्होंने कहा कि इस योजना ने एक ओर जहां हमारी माताओं-बहनों को चूल्हे के धुएं से आजादी दिलाकर उनकी सेहत का ख्याल रखा है तो दूसरी ओर ईंधन की व्यवस्था करने की दुश्वारी,बरसात के महीनों में गीली लकड़ी की समस्या और रसोईघर में घंटों रहने की मजबूरी से भी निजात दिलाई है।उन्होंने कहा कि ऐसी ही कई योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा गरीबों और असहाय लोगो के लिए चलाई जा रही है।जिससे करोड़ो-लाखो लोग लाभान्वित हुए हैं।इसी एक साथ उन्होंने कहा कि मुफ्त गैस कनेक्शन पाकर खिले महिलाओं के चेहरे खिल उठे हैं।वहीं दबोह इण्डेन ग्रामीण वितरक के संचालक परमाल सिंह गुर्जर ने कहा कि पीएम मोदी जी की उज्जवला योजना के जरिए महिलाओं को अब चूल्हे पर खाना नही बनाना पड़ेगा क्यों कि उज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन मिल रहा है।



# राजा शंकरशाह रघुनाथ शहादत दिवस पर आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**


**बालाघाट** । जिले के गोंडवाना भवन लांजी में आदिवासी समाज के तत्त्वावधान में गोंडवाना के राजा शंकरशाह एवं रघुनाथ का शहादत दिवस उनका पुण्यस्मरण पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजणों द्वारा महापुरुषों के छायाचित्र के समक्ष में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने गोंडवाना के राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह के जीवन चरित्र पर अपने विचार रखते हुए प्रकाश डाला द्य

इस दौरान समाज की अनेक समस्याओं और विसंगतियों पर चर्चा की गई तथा मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा गया द्य ज्ञापन में मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति के छात्रों के छात्रवृत्ति में हो रही कटौती किये जाने एवं दुर्गा प्रतिमा के साथ महिषासुर की प्रतिमा का गलत चित्रण व आदिवासीयों के पूर्वज राजा रावण,कुम्भकर्ण, मेघदूत के पुतला दहन पर शख्त प्रतिबंध लगाने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया द्य उक्त




कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनीराम इनवाती, अशोक मर्सकोले, मोतीराम उईके, ऋषिकेश घोरमारे, हीरामन उइके,श्रावण उइके, झनकलाल ढोक, राजकुमार नागेश्वर, माणिकलाल पाँचे, लोकेश मलगाम, दिनु उइके, डेविड उइके, दिनेश पंद्रे, अतुल हनोते, श्रीराम घरते, अजय नेवारे, मोहित सरवरे, शुशीला बरकड़े, सीमा पंद्रे, सोनू उइके, प्रकाश उईके, सुखचरण वाकडे आदि उपस्थित रहे द्य

# गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे



**नितिन दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि विधायी कार्य विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज 19 सितम्बर 2021 को जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 19 सितम्बर 2021 को प्रातः 6.40 बजे डबरा पहुंचेगे और निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9 बजे आप डबरा स्थित एआरएम मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल रामगढ़ पुल डबरा के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे एवं दतिया के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10 बजे आप दतिया निवास पर पहुंचेगे और दशहरा उत्सव समिति की आयोजित बैठक में भाग लेंगे। प्रातः 11 बजे आप श्रीराम राजा अस्पताल के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लेंगे (ठंड़ी सड़क दतिया)। दोपहर 12 बजे आप मानसरोवर कॉलौनी दतिया में सिंधी समाज की आयोजित बैठक, भोजन में भाग लेंगे। दोपहर 1 बजे आप निवास पर पहुंचेगे (आरक्षित)। अपरान्ह 3 बजे से सायं 4 बजे तक आप वृन्दावन धाम दतिया में आयोजित नागरिक अभिनदंन समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। सायं 4.30 बजे आप दतिया से डबरा के लिए प्रस्थान कर सायं 5 बजे डबरा पहुंचेगे और शहर के स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। सायं 7.30 बजे आप डबरा से ग्वालियर के लिए प्रस्थान कर रात्रि 8 बजे ग्वालियर पहुंचेगे।



### पिनाहट के दो गांव में डेंगू का जबरदस्त प्रकोप, दहशत में ग्रामीण

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा** । पिनाहट के गांव भावनाथ की ठारि और हुसैन पुरा में बडे स्तर पर फैला डेंगूपिनाहट के गांव भावनाथ की ठारि में डेंगू ने ली 13 वर्षीय किशोर की जानवायरल की चपेट में आने से एक ही परिवार के 27 लोग गम्भीर मृतक किशोर की माँ, भाई ,बहिन सहित 27 लोग वायरल फीवर से पिडितगांव में घर घर बिछी वायरल फीवर से पिडित मरीजो की चारपाईगांव हुसैन पुरा में भी 17 वर्षीय किशोर को निकला डेंगू, गंभीर स्थिति में पिनाहट सीएचसी से आगरा रैफर 17 वर्षीय किशोर के भाई, बहिन की हालत गंभीर,आगरा में चल रहा इलाज हुसैनपुर में भी घर घर वायरल फीवर, दो परिवारो के करीब 10 लोग आगरा भर्ती पिनाहट कस्बे के मोहल्ला चांदनी में 6 माह की बच्ची की तेज बुखार आने के बाद मौत पिनाहट में लगातार मिल रहे डेंगू के मरीजो की संख्या देख दहशत में ग्रामीण।

# कोविड वैक्सीन टीकाकरण महाअभियान-3 में बालाघाट प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट।** कोविड वैक्सीन टीकाकरण महाअभियान-3 के अंतर्गत बालाघाट जिले में लक्ष्य से अधिक टीकाकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। 17 सितंबर 2021 के महाअभियान-3 में बालाघाट जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के 63 हजार लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। शाम 6~30 बजे तक बालाघाट जिले में इस लक्ष्य के विरुद्ध 85 हजार 882 लोगों को टीका लगाकर 128 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है, जो कि प्रदेश के सभी जिलों में सर्वाधिक है।

**29 मोबाईल वैन का रहा योगदानः** बालाघाट जिले ने कोविड वैक्सीन टीकाकरण महाअभियान-3 में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में 29 मोबाइल टीम का बहुत बड़ा योगदान रहा है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर बालाघाट जिले के दूरस्थ गांव में टीकाकरण के लिए 29 मोबाइल वेन लगाई गई थी। इन 29 मोबाइल वेन के द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के 202 गांवों का भ्रमण कर टीकाकरण किया गया है। इस टीकाकरण महाअभियान-3 के लिए जिले में कुल 309 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये थे।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने में मोबाईल टीम का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोबाईल टीम द्वारा कुछ ग्रामों में रात्री 10 बजे तक टीकाकरण किया गया है। मोबाईल टीम के सहयोग के कारण ही दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र के ग्रामों में टीकाकरण दल पहुंचकर टीका लगाने में सफल हुए है।

**टीकाकरण दल के सदस्यों को दी गई बधाईः** मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर कावरे एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन ने इस उपलब्धि के लिए बालाघाट जिले के टीकाकरण दलों को बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने टीकाकरण के इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, आशा सहयोगिनी, एएनएम, ग्राम रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव के प्रति उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए आभार प्रदर्शित किया है।



# स्वदेशी शोध संस्थान एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में 23 सितंबर से प्रारंभ होगा अर्थ चिंतन कार्यक्रम

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** वर्तमान में वैश्वीकरण एवं पश्चिमी चिंतन की अर्थव्यवस्था के विफल होने के कारण भारतीय चिंतकों अर्थशास्त्रियों शिक्षाविदों एवं आर्थिक क्षेत्र के प्रधानों द्वारा यह विचार किया गया की वर्तमान में विश्व की अर्थव्यवस्था का मार्ग क्या होना चाहिए इस चिंतन को समाज के सामने रख कर भारतीय अर्थ जनित चिंतन से विश्व को परिचित कराने एवं समाज की वैचारिक स्थिति स्वदेशी स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी शोध संस्थान एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा दिनांक 23 30 सितंबर 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तक वेबीनार कार्यक्रम आयोजित कर स्वदेशी स्वावलंबन के विचार को जन जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वेबीनार का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी आचार्य बृज मोहन शर्मा जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच मुरैना विभाग द्वारा दी गई इस राष्ट्र हित की वेबीनार में भूतल




परिवहन मंत्री नितिन जी गडकरी श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव नीति आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव कुमार नाबार्ड के चेयरमैन जीआर चिंताले पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण अमूल के सीएमडी रूपेंद्र सोढ़ी जोहो कारपोरेशन के चेयरमैन श्रीधर वैंबू मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन के चेयरमैन टीवी मोहनदास आईजी आई डी की प्रोफेसर आशिमा गोयल आई एस आई डी के डायरेक्टर प्रोफेसर नागेश कुमार वाइस चांसलर जी बी एल यूनिवर्सिटी प्रोफेसर भगवती पी शर्मा चांसलर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सोमनाथ सचदेवा एआईयू के जनरल सेक्रेटरी प्रोफेसर पंकज मित्तल एवं वाइस चांसलर राजकुमार मित्तल सहभागिता करेंगे राष्ट्रीय स्तर की इस वेबीनार में संघ परिवार के अनुषांगिक संगठन धार्मिक एवं सामाजिक संगठन विश्वविद्यालय महाविद्यालय विद्यालय एवं उद्योगपतियों व्यापारियों रोजगार सृजन करता एवं व्यापारी बंधुओं को सहभागिता करने की अपील स्वदेशी जागरण मंच द्वारा की गई है ताकि राष्ट्रीय आर्थिक नीति की जानकारी जनमानस को मिल सके और भारत का भविष्य कालीन मार्ग से हो सके।

### पुलिस विभाग द्वारा स्वस्छ्ता एवं व्रक्षारोपड अभियान चलाया गया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

भिण्ड। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में दिनांक 17 एवं 18 सितम्बर 2021 को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले के समस्त पुलिस कार्यालय, थाना एवं चौकी पर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा उक्त दोनों दिवस में कार्यालय एवं परिसरों में विशेष रूचि लेकर सफाई अभियान चलाया गया साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया। जिला मुख्यालय पर अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन परिसर/ग्राउण्ड तथा पुलिस कन्ट्रोल रूम परिसर में साफ-सफाई की जाकर वृक्षारोपण किया गया। जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय एवं थाना तथा चौकियों पर भी उपरोक्तानुसार सफाई अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया गया, साथ ही रोपे गये पौधों के संरक्षण एवं रख-रखाव की भी समुचित व्यवस्था की गई।



# प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित की अनेकों योजनाएं - श्रीमती राय

**प्रधानमंत्री उज्जवला योजना -2 के तहत् बांटे 2 हजार से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन**

**नितिन दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना-2 के शुभारंभ के दौरान दतिया जिले में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय के मुख्य अतिथि में आज शनिवार को वृन्दावन धाम में निःशुल्क गैस कनेक्शन (सिलेण्ड़र, रेग्यूलेटर, चूल्हा) का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें टोकन स्वरूप 500 लोगों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किए। कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता डॉ. विवेक मिश्रा, कलेक्टर श्री संजय कुमार सहित जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। निःशुल्क गैस वितरण कार्यक्रम जिले की सभी गैस एजेसिंयों पर आयोजित किए गए। इस मौके पर उपस्थितजनों ने केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान सहित मंत्रीगणों के ऑनलाईन संबोधन के सीधे प्रसारण का भी लाभ लिया।

क्षेत्रीय सांसदी श्रीमती संध्या राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को आर्थिक, समाजिक एवं शैक्षणिक स्तरों पर सशक्त बनाने हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण एवं उनके उत्थान के लिए अनेको जन कल्याणकारी योजनायें संचालित की है। जिसमें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना भी एक है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत् जो गैस कनेक्शन दिए जा रहे है वह गरीबी रेखा के नीचे के पात्र हितग्राही है। गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को खाना बनाने में जहां आसानी होगी वहीं धुएं से भी निजात मिलेगी और आंखों को भी नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना-2 के तहत् द्वितीय चरण में 2 हजार से अधिक कनेक्शन वितरण किए जा रहे है। श्रीमती राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले



व्यक्ति का सबसे पहले उत्थान हो। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् हितग्राहियां को आवास उपलब्ध कराये गए है। उन्होंने कहा कि दतिया जिले में प्रथम चरण के दौरान योजना के तहत् 95 हजार 817 उपभोक्ताओं को गैस कनेक्शन वितरित किए गए थे। जबकि दूसरे चरण में जिले में 21 हजार कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अभी 2 हजार से अधिक गैस कनेक्शन पात्र हितग्राहियों को प्रदाय किए जा रहे है। सांसद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए टीकाकरण अवश्य करायें। कार्यक्रम को डॉ. विवेक मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के तहत् जो परिवार वंचित रह गए है वह चिन्ता न करें। पात्र सभी परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन दिलाने के संबंध में अगर कोई राशि मांगे तो उसे पैसा न दें। बल्कि उसकी सूचना अवश्य करें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् पात्र वंचित परिवारों को लाभान्वित किया जायेगा। कलेक्टर श्री संजय कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के शुरू में सांसद श्रीमती राय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव, एसीईओ जिला पंचायत श्री धनंजय मिश्रा, श्री संतोष कटारे, श्री कालीचरण कुशवाह, श्री मोहन पटवा, श्री अतुल भूरे चैधरी, जौली शुक्ला, गौरव दांगी, राहत अली जैदी, अंकित शर्मा, रिंकू बुन्देला, संगम कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी, गैस एजेंसी संचालक श्री संतोष, श्रीमती विनीता कैलाश गौर, श्रीमती अर्चना दांगी, श्री गुलाब सिंह गौतम, बंटी गैस एजेंसी संचालक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्री मनोज द्विवेदी ने किया।

## अमित शाह का कांग्रेस पर आरोप,बोले-आजादी लिखने वालों ने आदिवासियों के योगदान को भुला दिया

**जबलपुर(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

आदिवासी सम्मेलन के बहाने बीजेपी कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाने की कवायद में है। जबलपुर में आयोजित आदिवासी सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सौगातों को पिटारा खोल दिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। शिवराज सिंह चौहान और अमित शाह ने कांग्रेस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी नेताओं को इतिहास में उचित स्थान नहीं दिए जाने और उन्हें भुलाए जाने का आरोप लगाया है। अमित शाह ने राज शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह को याद करते हुए कहा कि अमर बलिदानी शंकरशाह और रघुनाथ शाह दोनों पिता-पुत्र को तोप से उड़ा दिया था, लेकिन दोनों के चेहरे पर शिकन नहीं थी। शाह ने कांग्रेस का बगैर नाम लिए उस पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा कि पीएम मोदी ने संकल्प लिया है कि हम गुमनाम शहीदों की याद को पुनर्जीवित करेंगे। जो इतिहास लिखा गया है, उसमें इनका नाम नहीं है। एक कविता के लिए किसी को बांधकर उड़ा दिया जाता है। यहां आकर पूरा अध्ययन किया। आज मेरा सौभाग्य है, जो मप्र सरकार ने शौर्य स्मारक बनाने का निर्णय लिया है उसका मेरे हाथों शुभारंभ हो रहा है। आजादी का इतिहास लिखने वालों ने अनुसूचित जनजाति के योद्धाओं का नाम भुलाने का काम किया है। नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव के तहत लाने का काम कर रहे हैं, ताकि युवा उन्हें जान सकें।अमित शाह ने कहा कि जनजाति संग्रहालय देशभर में बनाए जाएंगे।

## वन-टू-वन

### लोकेंद्र मिश्रा बने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत से उत्तर प्रदेश के संगठन प्रभारी।



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर-**

ग्राहकों के हिट में कार्य कर रही अखिल भरतीय ग्राहक पंचायत द्वारा संगठन को बढ़ाने के लिये कई नये दतिव्य दिये जिसमे से लोकेंद्र मिश्रा को ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश ,कानपुर प्रांत ( झांसी, इटावा, दिबियापुर, औरैया ,उरई, जालौन,कानपुर) का संगठन प्रभारी गया है जिससे कि संगठन को और मजबूती मिल सके और ग्राहकों के हित के लिये कई अन्य कार्य हो सके।

### कक्षा तीसरी व पांचवी के लिए समय-सारिणी जारी

कक्षा तीसरी से पांचवीं के बच्चों के लिए स्कूल में उपलब्ध शिक्षकों की संख्या के आधार पर बैठक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विभाग ने समय-सारिणी जारी किया है। इसमें 20 से 27 सितंबर तक अभ्यास पुस्तिका पर कार्य एवं दक्षता उन्नयन के लिए बेसलाइन टेस्ट लिया जाए। वहीं 28 सितंबर से 13 नवंबर तक चौथीं कक्षा में हिंदी, अंग्रेजी व गणित में दक्षता उन्नयन किया जाए। वहीं तीसरी से पांचवीं के लिए प्रात-10ः30 से 2 बजे तक दक्षता उन्नयन और दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की तैयारी कराई जाए। वहीं 15 नवंबर से 15 जनवरी तक पिछले कक्षा के लर्निंग आउटकम्स के आधार पर ब्रिज कोर्स कराया जाए। इसके लिए कार्य पुस्तिकाएं अलग से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद 16 जनवरी से 16 अप्रैल तक वर्तमान कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तक पर आधारित शिक्षण करवाई जाए।

### यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 71 वे जन्मदिन पर किया गया वृक्षारोपण

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर 9691338626**

पिछोर, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 71 वे जन्मदिन पर देश में जगह-जगह सेवा समर्पण कार्य करके जन्मदिन मनाया जा रहा है और कहीं लोग मंदिरों में सुंदरकांड करवा रहे हैं तो कहीं वृक्षारोपण सहित अन्य जन हितेषी कार्य करवा रहे हैं शुक्रवार को पिछोर के ग्राम पंचायत लभेंड में पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केंद्र पर भी यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम में वृक्षारोपण किया गया और प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना की इस मौके पर मनरेगा एपीओ श्री घनश्याम झा सरपंच बृजभान सिंह लोधी सहायक सचिव विजय पटसा रिया सचिव निर्मल सक्सेना वीर सिंह कारपेंटर शिशुपाल लोधी सिलू लोधी त्रिलोक लोधी कला लोधी भागीरथ लोधी सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे

### फ़िल्म ओर वबाल‘%रावण लीला’ के खिलाफ पुलिस में शिकायत,राम के अपमान का आरोप,फिल्म बैन करने की मांग

भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

मध्यप्रदेश मे फिल्म रावण लीला विवादों में आ गई है। फिल्म के खिलाफ एमपी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। शिकायत में फिल्म के नाम और दृश्य को लेकर आपत्ति जताई गई है। इसके साथ ही फिल्म को बैन करने की मांग की गई है।शिकायतकर्ता एडवोकेट और समाजसेवी आनंद शर्मा ने कहा कि फिल्म का नाम बदला जाना चाहिए और फिल्म मे रावण का महिमामंडन किया गया है जो सरासर गलत है।

## पूर्व मंत्री जीतू पटवारी पर षणयंत्रपूर्वक कराए गए अपराध पंजीबद्ध के विरोध में कांग्रेस ने दिया गया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)।**हाल ही में इन्दौर के राजेंद्र नगर थाने में पूर्व मंत्री व कांग्रेस मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष विधायक जीतू पटवारी पर भादवि की धारा 353 ए 294 के तहत अपराध पंजीबद्ध करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड के द्वारा राज्यपाल के नाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा की मौजूदगी में जिला प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज के नेतृत्व में भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन के माध्यम से समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों ने मांग की है कि राजनैतिक और प्रशासनिक षणयंत्रपूर्वक द्वेष के चलते फर्जी तरीके से पूर्व मंत्री जीतू पटवारी पर किये गए पंजीबद्ध अपराध को तुरंत खत्म किया जाये। ज्ञापन देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा कि विधायक जीतू पटवारी द्वारा इंदौर शहर के दुर्गा नगर में दवा का छिड़काव ठीक तरह से नहीं किया जा रहा था जिसका जीतू पटवारी जी ने विरोध करते हुए छिड़काव कर रहे कर्मचारी उत्तम यादव को समझाइश देते हुए फटकार लगाई जिसके एवज में शासन प्रशासन ने षणयंत्र पूर्वक अपराध पंजीबद्ध करवा दिया भाजपा के सत्ता में आने के बाद निरंतर द्वेश भावना के चलते झूठे प्रकरण दर्ज कराए जा रहे हैं। कांग्रेस मांग करती है कि जल्द ही विधायक जीतू पटवारी पर दर्ज किए गए फर्जी अपराध को वापस ले अन्यथा कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। (जनहित के मुद्दे उठाने वालों पर झूठे प्रकरण दर्ज कराना भाजपा की ओछी मानसिकता- भारद्वाज)

जिला प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने के बाद निरंतर विपक्ष की आवाज दबाने का कार्य कर रही है, भारतीय संविधान को ताक पर रखकर जनहित के लिए आवाज उठाने वाले कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को झूठे अपराध में प्रकरण दर्ज कर प्रताड़ित किया जा रहा है, प्रदेश में पनप रहे भ्रष्टाचार और हिटलरशाही शासन की पोल खुलने के डर से सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों पर झूठे केस लगवाकर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है जिसका जिला कांग्रेस कमेटी कड़े शब्दों में निंदा करते हुए प्रदेश सरकार को चेतावनी देती है कि जल्द से जल्द विधायक जीतू पटवारी पर दर्ज किए गए झूठे प्रकरण को वापिस लिया जाये अन्यथा कांग्रेस पार्टी मजबूरन प्रदेश सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन में जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल

(एडवोकेट), जिला प्रवक्ता डॉ अनिल भारद्वाज, नगर अध्यक्ष संजय भूता, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एड हिमांशु शर्मा, जीवाराम जाटव, आनन्द प्रजापति, अरविंद सिंह कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्र विरोध ही कांग्रेस का ध्येय-डॉ रमेश दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेस द्वारा किये गए विरोध के जवाब में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने बड़ा हमला बोला है।

डॉ दुबे ने तीखा हमला करते हुए कहा कि देश के सच्चे, ईमानदार एवं कर्मठ प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर कांग्रेस ने जो उपद्रव किया है वो इनकी नियत एवं विकलांग मानसकिता को दर्शाता है, जो भी देशभक्त देश की सेवा करना चाहे, देशविरोधी ताकतों से लड़ना चाहे वो कांग्रेस के नेताओं को देश का दुश्मन नज़र आता है, कांग्रेस को अपने इस मोतियाबिंद का इलाज़ कराना चाहिए।

डॉ रमेश दुबे ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व के सामने महाशक्ति बनकर उभरा है 7 प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को देश के पटल पर रखा और उसे साकार करके दिखाया, आज भारत कई मुद्दों पर आत्मनिर्भर हुआ है जिसकी वजह से सकल विश्व मे भारत की साख बढ़ी है, प्रतिष्ठित पत्रिका टाइम मैगजीन एवं विश्व की नामचीन रेटिंग एजेंसीज ने श्री मोदी जी को विश्व के सबसे ताकतवर एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में सबसे शीर्ष पर रखा है, बस यही बात कांग्रेस को नहीं पच रही है और इसी वियोग में कांग्रेस ऐसे ऐसे घृणित कार्य कर रही है जिनकी चर्चा करना ही समय की बर्बादी है।

डॉ दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दृढ़ संकल्प का ही नतीजा है कि भारत आज कृषिप्रधान देश होने के साथ-साथ टेक्नोलॉजी एवं रक्षा क्षेत्र में व्यापक विकास किया है 7 केंद्र सरकार ने किसानों के लिए तमाम हितकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें आधुनिक बुनियादी सुविधाएं देकर उन्हें सम्पन्न बनाने का कार्य किया है जिसका हर भारतीय को सम्मान करना चाहिए लेकिन ये लगता है कि कांग्रेस खुद को भारतीय मानती ही नहीं है।

## पिंजरापोल सोसायटी परिसर एक शाम बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ

**पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु.ः-बाबा रामदेव भक्त मंडल के तत्वावधान में मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी परिसर में कल रात गुरूवार को एक शाम बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या का आयोजन रखा गया द्य बाबा की प्रतिमा के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई द्य गणेश वंदना के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ द्य जिसमें भजनकार राजू भाई कुमावत,जेठू सिंह राठोड़ व बाल कलाकार उर्मिला सीरवी की ओर से राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ को भावविभोर कर देर रात तक जम कर नचाया द्य लोगों ने बड़ी संख्या में गो सहायतार्थ राशि दी द्य इस अवसर पर समाजसेवी बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने दो गायो को गोद लिया , इस अवसर पर तगाराम पुरोहित,बाबा रामदेव भक्त मंडल के गणपत सिंह दहिया,मनोहर सिंह बालावत,राण सिंह दहिया, विरमाराम मालीभान सिंह दहिया, रतनाराम दासपा,गणपत सिंह बालावत,अमर सिंह सिसोदिया, हड़मताराम पुरोहित, बगदाराम कुमावत ,जंनकसिंह भाटी, रमेश सीरवी, श्यामसिंह, तरूण सीरवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे

## आज बकरी तो कल इंसान भी हो सकता है दुर्घटना का शिकार लेकिन जिम्मेदार नहीं दे रहे इस ओर ध्यान





**नितिन दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

दतिया जिले के विधानसभा क्षेत्र सेवड़ा ब्लॉक से है जहां विगत कुछ महीने पूर्व आई सिंध नदी में बाढ़ के चलते ब्लॉक के साथ-साथ आसपास के कई ग्राम भी प्रभावित हुए इस बाड़ में सिंध नदी पर बना हुआ नगर का बड़ा पुल टूट गया था जिससे आवागमन पूर्ण रूप से प्रभावित हुआ! लेकिन इस बड़े पुल के निर्माण कार्य को लेकर लगने वाले समय को देखते हुए समीप में बना हुआ प्राचीन छोटा पुल का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया साथ ही इस पुल के द्वारा सिर्फ इमरजेंसी के वक्त ही लोगों को निकलने की अनुमति दी गई ऐसा सूत्रों के हवाले से खबर है लेकिन आप जो वीडियो में देख रहे हैं इस पुल पर निरंतर चार पहिया दुपहिया वाहन का आवागमन हो रहा है साथ ही मवेशी भी निकाले जा रहे हैं परिणाम स्वरूप एक बकरी का नदी में गिर जाने का भी वीडियो सामने आ रहा है जिसे बचाने के प्रयास में गहरे पानी में युवक ने लगा दी छलाँग, भगवान का शुक्र रहा कि दोनों लोग सुरक्षित निकलआये लेकिन सवाल खड़ा होता है कि आवागमन इस तरीके का चालू है कि आज बकरी तो कल इंसान भी जा सकता है गहरे पानी में और घट सकती है बड़ी दुर्घटना जिसका जिम्मेदार होगा कौन???

जब इसको लेकर एसडीओपी सेंवडा से बात की गई तो उन्होंने एसडीएम एवं ठेकेदार के ऊपर मामला डाल दिया!

खैर जो भी हो लेकिन हकीकत यही है कि अगर अब भी नहीं सभला प्रशासन तो चुकानी पड़ेगी बड़ी कीमत!

# वृक्षारोपण अभियान के तहत समस्त थाना परिसर में किया गया पौधारोपण

**नितिन दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

दतिया। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन एव पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य निर्देशन में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत समस्त थाना पुलिस परिसर में किया गया वृक्षारोपण।अजाक थाना परिसर में डीएसपी राजू रजक एवं टीआई रामबाबू शर्मा ने समस्त पुलिस स्टांप के साथ फलदार और छायादार पौधारोपण किया। इदरगढ़ थाना प्रभारी परमानंद शर्मा एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ने समस्त स्टाफ के साथ थाना कोतवाली परिसर में ग्रीन एंड क्लीन दतिया के नारे के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कहा कि एक वृक्ष हजारों पुत्रों के समान है। आप भी पौधा लगाएं, उसे वडा कर पृथ्वी को हरा भरा और



स्वच्छ बनाएं। थाना सिविल लाइन प्रभारी राकेश साहू ने समस्त स्टाफ के साथ थाना सिविल लाइन परिसर में ग्रीन एंड क्लीन के नारे के साथ वृक्षारोपण किया और कहा कि एक वृक्ष हजारों पुत्रों के समान है। आप भी वृक्ष लगाएं पृथ्वी को हरा भरा और स्वच्छ बनाएं ।थाना प्रभारी ने कहा कि वृक्ष लगाने के साथ साथ उनका संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है।और वही बड़ौनी थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने पुलिस स्टांप के साथ थाना परिसर में किया पौधरोपण।जिगना थाने में भी हुआ पौधारोपण। थाना परिसर में लगाएं गए फलदार और छायादार पौधे। जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने पुलिस स्टाफ के साथ किया पौधारोपण।थाना दुरसड़ा में हुआ वृक्षारोपण। बसई थाना प्रभारी रामसेवक शर्मा ने पुलिस स्टांप के साथ थाना परिसर में किया पौधरोपण। एवं थाना प्रभारी दुरसड़ा धर्मेंद्र कुशवाहा ने समस्त स्टाफ के साथ थाना दुरसड़ा परिसर में ग्रीन एंड क्लीन दतिया के नारे के साथ वृक्षारोपण किया और कहा कि एक वृक्ष हजारों पुत्रों के समान है आप भी वृक्ष लगाएं पृथ्वी को हरा भरा और स्वच्छ बनाएं।अतरेटा थाने में भी हुआ पौधारोपण।अतरेटा थाना प्रभारी यादवेन्द्र सिंह गुर्जर ने पुलिस स्टाफ के साथ किया पौधारोपण। वही डीपार थाने में भी हुआ पौधारोपण।थाना परिसर में लगाएं गए फलदार और छायादार पौधे। डीपार थाना प्रभारी वैभव गुप्ता ने पुलिस स्टाफ के साथ किया पौधारोपण।सरसई थाने में भी हुआ पौधारोपण। थाना परिसर में लगाएं गए फलदार और छायादार पौधे। सरसई थाना प्रभारी अजय अम्बे ने पुलिस स्टाफ के साथ किया पौधारोपण। भांडेर थाना प्रभारी रविन्द्र गुर्जर एवं पण्डोखर थाना प्रभारी विजय लोधी ने पुलिस स्टांप के साथ थाना परिसर में किया पौधरोपण।और उनाव थाना परिसर में थाना प्रभारी आर एस पालिया ने उनाव थाना परिसर में पुलिस स्टांप के साथ किया पौधारोपण। वही सिनावल थाना प्रभारी रचना माहौर ने पुलिस स्टांप के साथ एक दर्जन से अधिक फलदार एवं छायादार पौधारोपण किया।

# सड़कों की पेंच रिपेयरिंग के साथ-साथ स्ट्रीट लाईट संधारण का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं उद्यानिकी मंत्री श्री कुशवाह ने अधिकारियों से की चर्चा



**ग्वालियर।** शहर की प्रमुख सड़कों पर बरसात के कारण हुए गड्ढों को भरने का कार्य (पेंच रिपेयरिंग) तेजी के साथ किया जाए। इसके साथ ही स्ट्रीट लाईट के संधारण के साथ ही साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए यह बात कही। शनिवार को गाँधी रोड़ सर्किट हाउस पर मंत्री श्री तोमर एवं श्री कुशवाह ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा है कि अतिवर्षा के कारण शहर की जो सड़कें खराब हुई हैं उन पर पेंच रिपयेरिंग का कार्य तेजी से किया जाए। चर्चा के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, ग्रामीण अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल सहित कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य, एडिशनल एसपी सुश्री हितिका वासल और लोक निर्माण विभाग, विद्युत मण्डल, नगर निगम, पीआईयू सेल एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बैठक में कहा कि आगामी 22 और 23 सितम्बर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के भी ग्वालियर में कार्यक्रम आयोजित हैं। इन कार्यक्रम स्थलों पर भी निगम साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट के साथ-साथ पेंच रिपेयरिंग का कार्य समय रहते पूर्ण करें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महाराज बाड़ा पर भी कार्यक्रम आयोजित है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे विद्युत संधारण का कार्य मुस्तैदी के साथ करें। शहर में कहीं पर भी बिना सूचना के विद्युत अवरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से भी कहा है कि बरसात को देखते हुए स्ट्रीट लाइट सभी खम्बों पर चालू रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

### मवेशियों को सड़क पर नहीं, सुरक्षित स्थान पर बैठना सुनिश्चित करें

**ग्वालियर।** पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा है कि सभी कलेक्टर और पशुपालन विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर मवेशी न बैठें। इससे मवेशियों के साथ ही लोगों का भी सड़क दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। श्री पटेल ने पशु चिकित्सा संस्थाओं के प्रभारियों से कहा है कि वे पास के गौ-शालाओं में उपलब्ध गौवंश की सतत निगरानी करें और पशु उपचार की सुविधा समय पर प्रदान करें। सभी गौ-शालाओं में अनिवार्य रूप से सूखा स्थान, भूसे का भण्डारण और स्वच्छ जल उपलब्ध हो। अपर मुख्य सचिव पशुपालन ने सभी जिला कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा है कि प्रमुख सड़क मार्ग और शहरी क्षेत्रों के आवारा गौवंश को पास की गौ-शालाओं में स्थानांतरित करने के लिये नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों को निर्देशित करें। गौ-शालाओं में उपलब्ध गौवंश का बारिश के कारण सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। उनके आवास का स्थान सूखा एवं सुविधाजनक हो। संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिये गौवंश का टीकाकरण सुनिश्चित करें।

## नैनो न्यूज

### संपत्ति के विवाद पर हमला,आधा दर्जन घायल

**ग्वालियर।** शहर के हजीरा थाना क्षेत्र में स्थित न्यू कॉलोनी नंबर 2 में संपत्ति के विवाद पर एक ही परिवार में विवाद हो गया और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए ।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार हजीरा थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी नंबर 2 मे रहने वाले शर्मा परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। इसी के चलते आज सुबह भवानी शंकर प्रसाद शर्मा निशांत शर्मा मीनाक्षी शर्मा और विशाखा शर्मा ने अपने परिवार के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया ।इस हमले में भगवती देवी अनिल शर्मा अंकित शर्मा शालू शर्मा और डिंपल शर्मा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाइयों पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** जनक गंज थाना क्षेत्र में स्थित छत्री बाजार नाग देवता के मंदिर के पास पिछले दिनों की सराफा कारोबारी द्वारा जहर खाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद मृतक के भाइयों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र के छत्री बाजार नाग देवता के मंदिर के पास रहने वाले सराफा कारोबारी विपिन अग्रवाल ने 18 अगस्त को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी और एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। जिसमें लिखा था कि उसे छोटे भाई संपत्ति के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं ।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच के बाद मृतक के भाई रमेश चंद बालमुकुंद और नंदकिशोर अखबार के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है।

### पांच हजार का फरार इनामी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** जीआरपी ने 10 साल से फरार पांच के इनामी बदमाश को भिंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार 10 साल पहले ट्रेन में वारदात की योजना करने के मामले में राजू पंडित पर मामला दर्ज था और वह तभी से फरार था। उस पर जीआरपी ने 5000 का इनाम घोषित किया था। बीते रोज जीआरपी को सूचना मिली कि फरार राजू पंडित अहमदाबाद में मजदूरी करता है और अब भिंड अपने घर आया हुआ। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने भिंड में एमजीएस कॉलेज के पास राजू पंडित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### धोखाधड़ी के आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शहर की महाराजपुरा थाना पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के साथ धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार महाराजपुरा थाना पुलिस ने प्रॉपर्टी कारोबारी से जमीन हड़पने के मामले में फरार धोखाधड़ी के दो आरोपियों को खेरिया गांव से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों का नाम भीकम लोधी और नैनी यादव बताया गया है पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### करंट से वृद्धा की मौत

**ग्वालियर।** देहात के तिघरा थाना क्षेत्र में स्थित बिठौली गांव में घर का दरवाजा खोलते समय करंट लगने से एक वृद्धा की मौत हो गई ।पुलिस ने मर्ग कायम कर दिया है। जानकारी के अनुसार तिघरा थाना क्षेत्र के बिठौली गांव में रहने वाली गुड्डी देवी 60 साल पत्नी प्रेम नारायण शर्मा बीते रोज अपने घर का दरवाजा खोल रही थी तभी उन्हें करंट लगा और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई और मृतका के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# जेपी हॉस्पीटल नोएडा ने एप्पल हॉस्पीटल ग्वालियर के साथ शुरू की किडनी, लीवर ओपीडी



**ग्वालियर।** जेपी हॉस्पीटल मल्टी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान नोएडा सेक्टर 128 में स्थित ने ग्वालियर के एप्पल हॉस्पीटल के साथ अब किडनी और लीवर ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की है। इस मौके पर जेपी हॉस्पीटल के डायरेक्टर एवं कोर्डिनेटर किडनी ट्रांसप्लांट प्रोग्राम डिपार्टमेंट ऑफ यूरोलोजी एंड किडनी ट्रांसप्लाट डॉ. अमित के देवडा और एसोसियेट डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ लीवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल ग्रेस्ट्रोएटरलोजी डॉ. पुनीत सिंगला ने लोगों को क्रोनिक किडनी एवं लीवर रोग का इलाज कराने संबंधी जानकारी और बीमारी से बचने के उपायों से अवगत कराया। जेपी हॉस्पीटल के डायरेक्टर डॉ. अमित देवडा और डॉ. पुनीत सिंगला , एप्पल हॉस्पीटल के डॉ. संतोष सिंघल ने पत्रकारों को बताया कि इन दिनों गुर्दा और लीवर की बीमारी तेजी से बढ रही है। ऐसे में जेपी अस्पताल ने ग्वालियर के एप्पल अस्पताल से टाईअप किया है। इसके तहत वह माह के तीसरे शनिवार को ग्वालियर आकर अपनी सेवायें देंगे। इससे ग्वालियर सहित आसपास के जिलों सहित राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लगे जिलों के मरीजों को फायदा मिलेगा। वहीं ट्रांसप्लांट नोएडा में ही होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार गुर्दे और लीवर रोग तेजी से लोगों में फैल रहे हैं। भारत में भी लगभग 10 लाख लोग लीवर रोग के शिकार हो रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मौत के दस कारणों में यह लीवर और गुर्दा रोग के मरीज भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते लीवर और गुर्दा रोग को रोका नहीं गया तो कुछ सालों में रोगियों की संख्या बढ सकती है। ऐसे में लीवर रोग की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करना ही समझदारी का कार्य है। क्योंकि यदि समय रहते लीवर रोग का इलाज न किया जाये तो उस स्थिति में लीवर ट्रांसप्लांट कराने की आवश्यकता पडती है। इसके अलावा लीवर की बीमारी से तात्पर्य ऐसी बीमारी से है जो लीवर की कार्य क्षमता को प्रभावित करती है। लीवर रोग मुख्य रूप से कई प्रकार जैसे हेपिटाइटिस , लीवर का खराब होना, लीवर में सूजन होना आदि होते हैं।

ज्ञातव्य है कि जेपी अस्पताल नोएडा में स्थित जेपी ग्रुप का एक फ्लैगशिप अस्पताल है। हॉस्पीटल की योजना और डिजायन 1200 बेडस से युक्त टर्शरी केयर स्पेशिलिटी सुविधा के रूप में तैयार की गई है। प्रथम चरण में 525 बेडस के साथ इसका सफल

# पुलिस द्वारा फर्जी लूट एवं छेड़छाड़ की एफआईआर कराने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश



**ग्वालियर।** शहर की थाना झाँसी रोड पुलिस द्वारा फर्जी लूट एवं छेड़छाड़ की एफआईआर कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। 26-अगस्त को फरियादिया ने मय अपनी बड़ी बहन के साथ थाना झाँसीरोड पर उपस्थित आकर एक आवेदन पत्र दिया, जिसमें लेख किया गया कि मै तेजेन्द्रनाथ की गली, लोहिया बाजार, लश्कर ग्वालियर में रहती हूँ। दिनांक 25.08.2021 को दोपहर ढाई से तीन बजे करीब अपने भाई की ससुराल ओफो की बगिया दादी की वरसी का पूजा का निमंत्रण देने जा रही थी, जैसे ही मैं कटोराताल के सामने वाली रोड़ से ओफो की बगिया वाली गली के अन्दर अपनी एक्टिवा से जा रही थी, तभी उसी रोड़ पर लोहे की पाईप की दुकान के पहले राशिद खान (दूर का जीजा) और उसके साथ अन्य व्यक्ति जिसे मैं नहीं जानती हूँ दोनों दिखे। तब मैंने डर के मारे उनको देखकर थोड़ा दूर अपनी एक्टिवा रोक ली थी। सड़क के एक तरफ वो और एक तरफ मैं थी लेकिन उस वक्त दोनों ने मुझसे कुछ नहीं बोला था न ही मैंने उनसे कुछ बोला था फिर मैं डर के कारण अपने भाई की ससुराल न जाते हुये वापस कटोराताल वाली रोड़ पर अपने घर की तरफ चली गई थी फिर मैंने सोचा भाई की ससुराल में निमंत्रण देना तो बहुत जरूरी है। फिर मैंने अपनी एक्टिवा उसी रोड़ पर घूमाई और कटोराताल वाली रोड़ से ओफो की बगिया तरफ जाने लगी तभी पहले वाली उसी जगह पर उन दोनों ने मेरी एक्टिवा सामने खड़े होकर रोक ली और बोले की साईड में लगा, मैंने गाड़ी साईड में लगा दी उन दोनों को देखकर मेरी आवाज नही निकली तो राशिद खान का दोस्त बोला राशिद से कि माल अच्छा है तब राशिद ने बोला लूट ले तब दोनों ने बुरी नियत से मेरे दोनों कन्धे पकड़कर मेरे कपड़े फाड़ दिये और मेरे साथ जबरदस्ती झूमा झपटी करने लगे और मुझे अपनी तरफ खींच कर मेरे बाल पकड़कर खींचने लगे इतने में मैं चिल्लाने लगी तो राशिद ने मेरे गले में पहनी हुई सोने की चेन खींच ली व दोनों चेन लेकर एक्टिवा जैसी गाड़ी से भाग गये गाड़ी का नम्बर मुझे याद नहीं है। जाते जाते राशिद ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। उक्त रिपोर्ट पर से थाना झाँसीरोड पर अपराध क्रमांक 456/2021 धारा 41,354,323,392,506,34 भादवि, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित साँघी द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व ग्वालियर श्री राजेश दण्डौतिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक यूनिवर्सिटी ग्वालियर श्री रत्नेश सिंह तोमर को तत्काल कार्यवाही कर आरोपीगणों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झांसीरोड द्वारा अपनी पुलिस टीम के साथ मिलकर फरियादिया द्वारा बताये गये आरोपी राशिद खान को तलब किया गया तो उसके द्वारा बताया गया कि मेरा इन लोगों से प्रोपर्टी एवं पैसों को लेकर विवाद चल रहा है, जिसकी शिकायत करने में घटना दिनांक 25.08.2021 को अपनी पत्नी मुमताज खान के साथ थाना

### किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र में स्थित गोल पहाड़िया पर रहने वाली एक 15 साल की किशोरी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर डाला। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब किशोरी के पेट में दर्द हुआ और वह डॉक्टर के यहां पहुंची अल्ट्रासाउंड पर पता चला कि वह गर्भवती है ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया निवासी 15 साल की किशोरी कक्षा आठवीं की छात्रा है ।पीपल वाली गली जवाहर बैंड के पास उसकी नानी रहती है ।छात्रा का अपनी नानी के यहां आना-जाना था वही उसकी जान पहचान आकाश कौशिक से हो गई। मार्च माह में जब वह कोचिंग जा रही थी तभी आकाश उसे बाइक पर अपने साथ ले लिया और गुप्तेश्वर पहाड़ी पर ले जाकर धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## झाँसी मंडल स्वच्छता पखवाड़ा-2021 का आयोजन



**ग्वालियर।** रेल प्रशासन द्वारा रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक 16.09.21 से 02.10.21 तक स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा है द्ब जिसके अंतर्गत मंडल कार्यालय एवं झांसी मंडल के सभी स्टेशनों के कार्यालयों, स्टेशन परिसर, रेलवे कॉलोनी, रेलवे चिकित्सालय में अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जा रही है तथा तरह-तरह के नुक्कड़ नाटक, रैलियों आदि के माध्यम से यात्रियों तथा आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक÷ 18.09.21 को ÷स्वच्छ स्टेशन दिवस’ के रूप में मनाया गया द्ब जिसके अंतर्गत मंडल के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, सफाई मशीन आदि की जांच कि गयी, डस्टबिन की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी तथा स्टेशनों को स्वच्छ किया जायेगा और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया ।

यात्रियों से अनुरोध है कि रेल परिसर को स्वच्छ बनाये रखने में रेलवे का सहयोग करे 7 रेलवे परिसर एवं रेलगाड़ी में गंदगी फ़ैलाने पर जूर्माना लगाया जा सकता है।




# घर से उठाकर ले गए, किया गैंगरेप




**ग्वालियर।** ग्वालियर के मुरार में आधी रात बाथरूम के लिए जा रही युवती को दो युवक मुंह पर स्टॉल डालकर अगवा कर ले गए। पास ही एक मकान के पीछे दोनों युवकों ने युवती के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब परिजन युवती को ढूंढ़ते हुए पहुंचे तो आरोपी धमकाकर भाग गए। रात भर युवती दहशत में रही, शनिवार दोपहर अपनी मामी के साथ युवती मुरार थाने पहुंची है। पुलिस ने दो आरोपियों पर दुष्कर्म की स्नद्धक्रदर्ज कर ली है। मुरार थाना ञ्जद्ब शैलेन्द्र भार्गव का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। हस्तिनापुर निवासी 19 वर्षीय रानी (बदला हुआ नाम) के मामा मुरार बड़ागांव नेशनल कॉन्वेंट स्कूल के पीछे गुलाबपुरी में रहते हैं। 10 दिन पहले युवती अपने मामा के घर रहने आई थी। शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात करीब 1 बजे युवती बाथरूम जाने के लिए उठी। वह अपनी मामी को बताकर गई थी। जब कुछ देर बाद वह वापस नहीं लौटी तो मामी को चिंता हुई। इसके बाद उन्होंने उसको आवाज दी। युवती के मामा को साथ लेकर तलाश शुरू की। तभी घर के पास एक मकान के पीछे युवती बदहवास हालत में मिली। इसके बाद युवती ने मामी को पूरी घटना बताई कि जब व बाथरूम के लिए जा रही थी तभी पास रहने वाला लवकुश और एक अन्य लड़का उसके मुंह पर स्टॉल दबाकर उसे उठाकर पास के मकान के पीछे ले गए थे। वहां बारी-बारी से दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब मामा की आवाज सुनी तो जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। रात को युवती घटना से काफी सहमी थी इसलिए थाने नहीं आए। परिजन उसे लेकर शनिवार दोपहर थाने पहुंचे हैं। शनिवार शाम तक पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद मामला दर्ज किया है।

### कौन था दूसरा युवक नहीं पता

युवती ने एक आरोपी लवकुश गुर्जर की पहचान की है, लेकिन दूसरा आरोपी कौन था उसे वह नहीं पहचानती है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव का कहना है कि आरोपी लवकुश गुर्जर की तलाश में दबिश दी जा रही है। वह पकड़ा जाएगा तो उसका दूसरा साथी कौन था यह पता चल सकेगा।

## पेट में दर्द होने पर परिवार वालों ने जांच कराई तो प्रेग्नेंट निकली, नानी के पड़ोस में रहने वाले युवक ने धमकाकर दुष्कर्म किया था




**ग्वालियर।** ग्वालियर में 15 साल की छात्रा के साथ रेप का मामला सामने आया है। 8वीं की छात्रा को दो दिन पहले पेट में दर्द हुआ। परिवार वालों ने जांच कराई तो गर्भवती होने का पता लगा। इसके बाद दुष्कर्म की घटना का खुलासा हुआ है। मार्च 2021 में जब छात्रा अपनी नानी के यहां रहने गई थी तभी पड़ोसी ने उसे बातचीत में फंसा लिया था। पुलिस ने शनिवार को दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने दबिश दी जा रही है। घटना मार्च महीने में गोल पहाड़िया के पीछे गुप्तेश्वर के जंगल की है। शहर में राजा गैस गोदाम के पास रहने वाली छात्रा की नानी गोल पहाड़िया इलाके में रहती है। मार्च 2021 में छात्रा अपनी नानी के घर रहने आई थी। पास में ही आकाश जाटव रहता है। यहां बच्ची की उससे दोस्ती हो गई थी। युवक बच्ची को गुप्तेश्वर पहाड़ी के पीछे घुमाने के बहाने ले गया और वहां जंगल में धमकाकर दुष्कर्म किया। जब छात्रा ने कहा कि वह घर जाकर नानी को बताएगी तो आरोपी ने बदनाम करने की धमकी दी। जिस कारण छात्रा चुप रही।

**पेट में दर्द हुआ तो घटना खुली:** हाल ही में बच्ची को दो दिन से उल्टी आ रही थी और पेट में दर्द हो रहा था। इस पर उसकी मां उसे डॉक्टर पर चेकअप कराने ले गई थी। डॉक्टर ने कुछ जांच कराई उसके बाद खुलासा हुआ कि वह प्रेग्नेंट है। इसके बाद मां के पूछने पर उसने

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478